


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 331 | ग्वालियर , 25 सितम्बर सोमवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### पिता तीन महीने से कर रहा था हैवानियत बेटी ने मजबूरी में उठाया यह कदम




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पंजाब से मानवता का शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है. यहां एक वहशी दरिंदा अपनी ही नाबालिग बेटी को हवश का शिकार बना रहा था. कई महीनों से पिता की दरिंदगी बर्दाश्त कर रही बेटी के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया और उनसे पिता को गोलीमारकर उसकी हत्या कर दी. 14 वर्षीय बेटी का कहना है कि उसका पिता बीते तीन महीनों से उसका यौण शोषण कर रहा था. पीड़िता ने बताया कि इस दौरान उसने न केवल पिता का विरोध किया बल्कि उसके पिता-पुत्री के रिश्ते का वास्ता भी दिया, लेकिन उसने उसकी एक न सुनी. यह घटना लाहौर शहर के गुज्जरपुरा इलाके की बताई जा रही है. यहां कल यानी शनिवार को अपनी वहशी पिता को मौत के घाट उतार दिया. पुलिस पूछताछ में लड़की ने बताया कि उसका पति पिछले तीन महीनों से उसका बलात्कार कर रहा था. पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. पुलिस फिलहाल पीड़िता के परिजनों और रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है. केस की जांच कर रहे सोहेल काजमी का कहना है कि लड़की पिछले तीन महीनों से नरक का जीवन गुजार रही थी. अपने बचाव का कोई रास्त न निकलते देख पीड़िता ने अपने पिता की हत्या करने का फैसला किया. काजमी ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता के पिता की मौके पर ही मौत हो गई. सभी पहलुओं पर गौर करते हुए पुलिस ने संदिग्ध के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है.

### भारत-चीन सीमा को लेकर मोदी सरकार ने उठाया है बड़ा कदम



**नई दिल्ली।** भारत और चीन के रिश्ते पिछले कुछ सालों से खराब हैं. विवाद की असली वजह 3440 किलोमीटर लंबी सीमा है. इसे लेकर दोनों देश अपने अपने दांवे कर रहे हैं. वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर कई बाद दोनों देशों की सेना के जवानों के बीच झड़प हो जाती है. इस बीच सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने अबतक भारत-चीन सीमा पर क्या-क्या व्यवस्था की है.महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने चंडीगढ़ में हिमांक एयर डिस्पैच यूनिट का दौरा किया. उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े 3 कंक्रीट प्रिंटेड परिसर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया. इसके बाद उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों से भारत-चीन सीमा पर सहित अन्य एजेंसियों की ओर से निर्माण गतिविधियों में तेजी आई है. भारत सरकार ने पिछले 2 सालों में हमारे बजट में 100 प्रतिशत वृद्धि की है. डीजी लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने आगे कहा कि पिछले 3 सालों में 295 सड़कें, पुल, टनल और एयर डिस्पैच यूनिट बनाए हैं, जिसका हमारे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उद्घाटन किया है. वे ऐसी जगहों पर भी गए हैं जहां कभी कोई रक्षा मंत्री नहीं गया. उन्होंने 12 सितंबर को 90 परियोजनाएं राष्ट को समर्पित की हैं. 4 महीनों में हमारी 60 परियोजनाएं और बनकर तैयार हो जाएंगी.

### मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बम की खबर निकली फर्जी



**नई दिल्ली।** मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट में रविवार को बम मिलने की खबर आई है, जिससे एयरपोर्ट पर अफरातफरी मच गई. इसके बाद मुंबई एयरपोर्ट के अधिकारियों ने इसकी जानकारी मुंबई पुलिस और बम स्क्वाड टीम को दी. इस पर मुंबई पुलिस और बम स्क्वाड की टीम आनन-फानन में हवाई अड्डे पहुंची और संदिग्ध वस्तु की जांच की. बम की खबर फर्जी निकलने के बाद यात्रियों और एयरपोर्ट कर्मियों ने राहत की सांस ली. मुंबई पुलिस ने कहा कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक फर्जी कॉल आई. कॉल करने वाले शख्स ने कहा कि एयरपोर्ट पर रखे एक नीले रंग के बैग में बम है. सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस के अधिकारी और बम स्क्वाड टीम हवाई अड्डे पर पहुंची और जांच की गई. जांच के दौरान बैग में कुछ नहीं मिला. फिलहाल, पुलिस कॉल करने वाले की तलाश कर रही है. इस सूचना के बाद मची अफरातफरी का माहौल अब शांत हो गया है.

# खालिस्तान के चक्कर में दोस्त से दुश्मन बना कनाडा

**नई दिल्ली।** कनाडा-भारत के बीच का बढ़ता विवाद दोनों देशों पर असर डालेगा। नुकसान सिर्फ एक देश का नहीं बल्कि दोनों देशों का होगा। किसी का ज्यादा तो किसी का कम। भारत और कनाडा का विवाद बढ़ने से कारोबार से लेकर बाजार तक पर असर पड़ेगा। जब से कनाडा का विवाद शुरू हुआ है, शेयर बाजार लगातार गिर रहा है। इस वावद से कनाडा से आने वाले निवेश और निर्यात तो प्रभावित होंगे ही, आपकी थाली का बजट भी बिगड़ेगा। खालिस्तान के मुद्दे पर शुरू हुए विवाद का असर अगर दोनों देशों के कारोबार पर पड़ा तो भारत की कई कंपनियां संकट में आ जाएंगी। आपको महंगाई का सामना करना पड़ सकता है, नौकरी पर भी संकट मंडरा सकता है। सबसे ज्यादा मुश्किल उन छात्रों के सामने होगी, जो कनाडा जाकर पढ़ाई कर रहे हैं। कनाडा में खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने के कनाडा के आरोपों के बाद से दोनों देशों के रिश्ते तल्ख हो रहे हैं। इसका असर कारोबार पर भी पड़ने लगा है। अगर ये असर और बढ़ा तो कनाडा का इंवेस्टमेंट भारत से बाहर जा सकता है । कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड , जिसने भारत में 21 अरब डॉलर यानी 1.74 लाख करोड़ का निवेश किया है, वो भारत से बाहर जा सकता है। कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड का निवेश कोटक महिंद्रा बैंक , पेटीएम, जोमैटो, आईसीआईसीआई समेत भारत की 70 लिस्टिड कंपनियों में है। अगर विवाद बढ़ा तो कनाडाई फर्म अपना हाथ खींच सकती है और इकॉनमी पर इसका असर देखने को मिल सकता है। दोनों देशों के बीच बिगड़ते हालातों से तनाव बढ़ सकता है। कनाडा-भारत के बीच कारोबार पर असर पड़ सकता है। दोनों देशों के बीच साल 2023 में कारोबार 8 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ। अगर तनाव बढ़ा तो इसपर भी असर पड़ेगा और आयात-निर्यात प्रभावित होगा। भारत कनाडा से बड़ी मात्रा में मसूर दाल खरीदता है। अगर विवाद बढ़ा तो दालें महंगी हो जाएंगी। भारत का कुल मसूर आयात 2020-21 में 11.16 लाख टन, 2021-22 में 6.67 लाख टन और 2022-23 में 8.58 लाख टन रहा। जिसमें से भारत ने कनाडा से साल 2020-21 में 9.09 लाख टन, साल 2021-22 में 5.23 लाख टन और साल 2022-23 में 4.85 लाख टन मसूर का खरीदा। अगर दोनों देशों के रिश्ते खराब हुए तो जाहिर है कि मसूर दाल की कीमतें बढ़ जाएंगी। भारत और कनाडा के बीच अगर तनातनी लंबे समय तक चलती है तो इसका सबसे ज्यादा असर मसूर दाल के अलावा म्?यूरेट ऑफ पोटाश उर्वरक पर हो सकता है। इसकी कीमतें बढ़ सकती है। साल 2022-23 में 23.59 लाख टन पोटाश के कुल आयात में से भारत ने कनाडा से 11.43 लाख टन खरीदा था। हालांकि इस बात को भी समझना जरूरी है कि कनाडा की निर्भरता भारत पर अधिक है। कनाडा में पैदा होने वाली आधी से अधिक मसूर वो भारत को निर्यात करता है। ऐसे में कनाडा के लिए भारत को मसूर का निर्यात रोकना मुश्किल होगा। अगर वो ये गलती करता भी है तो नुकसान उसका खुद का होगा, क्योंकि भारत के पास मसूर के लिए ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे देश है। कनाडा में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र हैं, जो वहां पढ़ रहे हैं। अगर विवाद बढ़ा तो भारतीय छात्रों के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है, लेकिन इसका असर कनाडा पर भी होगा, क्योंकि कनाडा की इकॉनमी बहुत हद तक भारतीय छात्रों पर निर्भर करती है । कनाडा में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों में भारतीय छात्रों की संख्या 40 फीसदी है। कनाडा की इकॉनमी में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का बड़ा रोल है। ये छात्र वहां मोटी फीस भरकर पढ़ाई करते हैं और वहां की इकॉनमी को मजबूत करने में मदद करते है। कनाडाई छात्रों के मुकाबले बाहरी छात्रों से 4 से 5 गुना अधिक फीस वसूली जाती है।कनाडा जाकर पढ़ने वाले करीब साढ़े तीन भारतीय छात्र वहां की इकोनॉमी में 4.9 अरब डॉलर का योगदान देते हैं।





# मध्य प्रदेश में दावेदारों की नजर सूची पर टिकी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के दावेदारों की नजर उम्मीदवारों की सूची पर टिकी हुई है। यही कारण है कि भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा हो या कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा, इनमें दावेदार अपने समर्थकों के जरिए पूरा जोश दिखा रहे हैं और कई जगह तो उनका जोश मुसीबत भी बन रहा है। राज्य में संभावना इस बात की है कि नवंबर-दिसंबर में विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। इस बार राजनीतिक दल पिछले चुनाव की तुलना में जल्दी उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करना चाहते हैं और यही कारण है कि भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची भी आ चुकी है। इस सूची में 39 नाम है, वहीं दूसरी सूची की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और कभी भी जारी हो सकती है। चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी सूची जारी होने की बात कह रहे हैं। एक तरफ जहां भाजपा पहली सूची जारी कर चुकी है और दूसरी सूची कभी भी जारी होने की संभावना है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस भी उम्मीदवारों के मंथन में लगी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ का कहना है कि सूची तो आती रहेगी, मगर उम्मीदवारों को हम इशारा अभी कर देंगे। वैसे सोमवार को पार्टी की दिल्ली में बैठक होने वाली है। पिछले दिनों भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए जन आशीर्वाद यात्रा निकाली, जिसमें दावेदारों ने अपनी शक्ति का भरपूर प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस जन आक्रोश यात्रा निकाल रही है और इस यात्रा के दौरान दावेदार अपने समर्थकों के साथ यात्राओं को सफल बनाने के लिए ताकत झोंक हुए हैं। दावेदारों में कई स्थानों पर आपस में टकराव भी देखने को मिला और राजनीतिक दलों के सामने विषम परिस्थितियों भी खड़ी हो गई। कुल मिलाकर दावेदारों के साथ उनके उम्मीदवारों का जोश हाई है और यही जोश कई जगह मुसीबत भी बन रहा है।




## कांग्रेस अमेठी अस्पताल को बंद करने को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने अमेठी के मुंशीगंज में संजय गांधी अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने के आदेश को सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया है। पूर्व कांग्रेस एमएलसी दीपक सिंह ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर इस आदेश के पीछे हाथ होने का आरोप लगाया और कहा कि आदेश को चुनौती दी जाएगी। संजय गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल चलाता है और इसकी अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी हैं। जबकि राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा इसकी सदस्य हैं। दीपक सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उस अस्पताल को बंद करने की योजना बनाई थी जो आसपास के जिलों के लोगों की चिकित्सा और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा कर रहा था। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने संजय गांधी अस्पताल को बंद कराने की साजिश रची है। आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देने की पूरी तैयारी कर ली गई है। हालांकि, बीजेपी प्रवक्ता ने कहा कि अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने के आदेश से केंद्रीय मंत्री का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक महिला की मौत के बाद जांच के आदेश दिए थे, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा था और बाद में उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया था। भाजपा नेता ने आगे कहा कि रजिस्ट्रेशन रद्द करने का आदेश जांच के बाद जारी किया गया था और केंद्रीय मंत्री के खिलाफ कांग्रेस के आरोप निराधार हैं।

## अरुणाचल का चीन से कोई संबंध नहीं, यह भारत का अभिन्न अंग



**नई दिल्ली।** चीन ने झांग्हू में आयोजित एशियाई ओलंपिक गेम्स में भारत के खिलाड़ियों को शामिल नहीं करने को लेकर भारत खासे नाराज है. पूर्व खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने इसको लेकर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है. उन्होंने कहा है कि चीन के इस व्यवहार से पूरा देश आहत है. उन्होंने अंतरराष्टीय ओलंपिक कमेटी से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग करने की बात है. किरेन रिजिजू ने चीन को साफ शब्दों में यह बता दिया कि अरुणाचल के खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में शामिल नहीं करने से अरुणाचल प्रदेश की स्थिति बदल नहीं जाएगी. यह भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा. एक मीडिया हाउस से बातचीत में पूर्व खेल मंत्री रिजीजू ने कहा कि चीन के इस बर्ताव से भारत गुस्से में है. पूरा देश आक्रोशित है कि हमारे कि हमारे खिलाड़ियों को एक मौका एशियन गेम्स में प्रदर्शन करने का गंवाना पड़ा. उनके इस तरह का बर्ताव से अरुणाचल की परिस्थिति बदलने वाली नहीं है और ना ही नक्शा बदलने वाला है. बता दें कि चीन दावा करता है कि अरुणाचल भारत का हिस्सा नहीं है. अरुणाचल के लोग अरुणाचल को चीन के साथ किसी भी तरीके से नहीं जुड़ते हैं, न इतिहास में न भविष्य में. अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है. इस स्थिति को किसी तरह से बदल तो नहीं सकते हैं. तो यह बार-बार अरुणाचल को इंडिया का हिस्सा नहीं मानने वाला बयान देते रहते हैं. यह सही तरीका नहीं है. किरेन रिजिजू ने आगे कहा कि उन खिलाड़ियों की मदद करेंगे जो तीनों लड़कियां चीन में हो रहे एशियाई गेम्स में शामिल नहीं हो सकींहैं, मैंने उनसे कहा कि चिंता मत करो. आप लोगों के भविष्य को हम देखेंगे. इसके साथ ही उन्होंने दोहराया कि एशियन ओलंपिक काउंसिल और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के सामने इस मामले को लेकर चीन का विरोध दर्ज करवाएंगे.

# वंदे भारत चलने पर केंद्रीय मंत्री-बीजेपी की आई प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अलग अलग रूट्स के लिए 9 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है. ये ट्रेनें 11 राज्यों के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ेंगी. इससे राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात राज्यों को फायदा होगा. इसे लेकर मोदी सरकार के मंत्रियों और भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना पूरा हुआ. पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मैं खुश हूं क्योंकि यह वंदे भारत मेरे गांव होकर जा रही है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दूसरी वंदे भारत चलाने की बात कही थी जो आज यह साकर हुआ है. यह जगन्नाथ धाम पुरी से चलकर ओडिशा के औद्योगिक शहरों को जोड़ेगी. यह ओडिशा को जोड़ेगी और राज्य के नौजवानों के रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाएगी और लोगों को सुविधा देगी. पीएम मोदी द्वारा राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, मैं खुश हूं क्योंकि यह वंदे भारत मेरे गांव होकर जा रही है... रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दूसरी वंदे भारत चलाने की बात कही थी जो आज यह साकर हुआ है। केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने आज एक साथ 9 ट्रेनों को विभिन्न राज्यों से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है और ये निश्चित रूप से आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता कदम है. हर व्यक्ति का सपना है कि वो वंदे भारत में बैठे और ऐसी ट्रेन पहले हमें विदेश में जाकर देखने को मिलती थी, लेकिन अब हमारे देश के विभिन्न राज्यों में ऐसी ट्रेनें देखने को मिलती है तो इसके लिए मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद करना चाहता हूं. आज प्रधानमंत्री ने एक साथ 9 ट्रेनों को विभिन्न राज्यों से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है और ये निश्चित रूप से आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता कदम है। हर व्यक्ति का सपना है कि वो वंदे भारत में बैठे और ऐसी ट्रेन पहले हमें विदेश में जाकर देखने को मिलती थी लेकिन अब हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आज 9 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाए जाने पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि यह भारत के लिए गौरव की बात है. रेलवे के बजट में भी 8 गुना बढ़ावा हुआ है. सारे देश आज भारत का अनुकरण कर रहे हैं. 25 वंदे भारत ट्रेनें पहले से चल रही हैं और आज 9 वंदे भारत ट्रेनों का शुभारंभ हुआ है.



## मदरसे में 9 साल की बच्ची से इमाम ने किया रेप, केस दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना थाना क्षेत्र से शर्मसार करने वाली खबर आई है। यहां के एक मदरसा के इमाम पर नौ साल की बच्ची के साथ बलात्कार का आरोप लगा है। पुलिस के संज्ञान में मामला के आने के बाद केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी अभी फरार बताया जा रहा है। पीड़िता की बहन ने शिकायत में कहा कि आरोपी इमाम मदरसा में छोटे-छोटे बच्चों को अलग से पढ़ाने के लिए बुलाता था। शनिवार को भी उसने बच्चों को बुलाया। पढ़ाई खत्म करने के बाद मौलाना ने एक बच्ची को रोक लिया और बाकी बच्चों को भेज दिया। इसके बाद एक अलग कमरे में लेकर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची ने घर पहुंचकर मौलाना की हरकत के बारे में बताया। उसने घरवालों को बताया कि मौलाना इरफान ने उसके साथ गंदी हरकत की है। बच्ची के परिजन जब मदरसा पहुंचे तो वह फरार हो गया था। बच्ची को लेकर परिवार के सदस्य थाने पहुंचे। थाने में इमाम के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। बच्ची को मेडिकल जांच के लिए मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल भेजा गया है। बुढ़ाना क्षेत्राधिकारी (सीओ) हिमांशु गौरव ने बताया कि आरोपी मौलाना के खिलाफ बुढ़ाना थाने में दुष्कर्म की धाराओं, पोक्सो एक्ट की धाराओं के प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के दो टीमें लगाई गई है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।






## ब्लॉक चाचौड़ा कुंभराज में आज भगवान लव कुश जन्मोत्सव मनाया गया

**योगेश शर्मा राजोरिया, पुष्पांजलि टुडे**

विशेष अतिथि के रूप में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त आदरणीय नंदरामजी भाई साहब निवाड़ी, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डॉक्टर राजकुमार कुशवाहा जी भाई साहब भिंड अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष आदरणीय नरेश जी भाई साहब ग्वालियर, युवा राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डोंगर सिंह जी भाई साहब खिलचीपुर, श्री दिलीप जी भाई साहब पचोर श्री लीलाकिसान कुशवाहा युवा प्रदेश मंत्री श्री राजकुमार कुशवाहा जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय अखिल भारतीय कुशवाह महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कुसुम दिलीप कुशवाहा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती भावना कुशवाहा ब्यावर, प्रदेश मंत्री श्रीमती ममता जी कुशवाह ग्वालियर,प्रदेश मंत्री श्रीमती सुमित्रा जी कुशवाहा, जिला अध्यक्ष शिवपुरी श्रीमती लक्ष्मी जी कुशवाह , गुना जिला अध्यक्ष श्रीमती सपना जी कुशवाह चल समारोह के अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह जी कुशवाह एवं श्री संजू कुशवाहा सचिव एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ जन एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

## पोषण आहार वितरण को लेकर बामौरकलां आदिवासी बस्ती में पहुंचे एसडीएम

**राकेश परिहार पिछोर**

पिछोर। अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व)राजीव समाधिया ने खनियाधाना तहसील के ग्राम बामोर कलां एवं हसर्रा गांव पहुंचकर आदिवासियों के बीच बैठकर पोषण आहार वितरण और उसमें हो रही है अनिमित्तयों की जानकारी के संबंध में चर्चा की एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। इस बीच खनियाधाना नायब तहसीलदार प्रमोद सिंह तोमर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जयदीप सिंह लोधी आदि उपास्थित थे।



एसडीएम समाधिया द्वारा बताया गया कि शहरिया आदिवासी योजना के तहत महिलाओं के लिए पोषण आहार संचालित है, जिसमें महिलाओं के लिए 1000 रु.प्रतिमाह खाते में शासन द्वारा प्रदान किए जाते हैं ।जिसमें पिछोर में 1338 तथा खनियाधाना में 3029 महिलाएं ऐसी है जिनके खाते में पोषण आहार की राशि जमा नहीं हो पा रही है ,जिसमे 6प्रकार की आपत्ति दर्शा रही है किसी के जाति गलत सो रही है ,तो किसी की डुप्लीकेट समग्र आईडी दर्शा रही है ,किसी फीमेल की जगह मेल सो रहा है, किसी की आईडी डिलीट हो गई,किसी का मृत लिखवाने के कारण तो किसी की आईडी फीड ना होने के कारण पोर्टल पर सही नहीं होने के कारण उनके खातों में राशि जमा नहीं हो पा रही है, इस संबंध में पिछोर में एक मीटिंग रखी गई थी, जिसमें पंचायत सचिवों रोजगार सहायकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इन सभी की जाति सुधार हेतु आदेश जारी किए गए हैं, ताकि इन सभी आदिवासी महिलाओं के खाते में1000रू. प्रतिमाह जमा हो सके। मौके पर ही एसडीएम ने शहरिया ग्रामों में पहुंचकर सभी आदिवासी महिलाओं से कहा गया की आप अपनी पंचायतों के सचिवों से मिलकर दो तीन दिनों में यह सुधार कराएं ताकि आप लोगों को इसका लाभ सीधे मिल सके।

## चाचौड़ा में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**



चाचौड़ा। जिला गुना में आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस थाना चाचौड़ा में शांति समिति की बैठक तहसीलदार महोदय एवं टी आई महोदय की उपस्थिति में हुई जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों ने डोल ग्यारस जुलूस से संबंधित जानकारी दी एवं शांति व्यवस्था के संबंध में विचार विमर्श किया इस अवसर पर नगर के तीन पार्षद उपस्थित रहे एवं नगर परिषद कर्मचारी एवं अधिकारियों में से लीलाधर सेन ने अपनी उपस्थिति दी अन्य पार्षद अध्यक्ष उपाध्यक्ष नदारत रहे इस अवसर पर महेंद्र सिंह गौर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बंटी यादव पार्षद सुनील पार्षद राजेश खटीक पार्षद खलील खान ओम बाली शर्मा अखाड़ा प्रमुख श्री बाबूलाल जी संत पंडित पवन शर्मा गोकुल शर्मा गुलाब मेंबर पूर्व पार्षद अली हुसैन गोरी गोविंद लोढ़ा हबीब खान एवं नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## शिवपुरी पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदोरिया पहुंचे नीलगर चौराहे पर गणेश चौक राजा की आरती में हुए सम्मिलित

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-गणेशोत्सव शिवपुरी शहर में बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है इसी कड़ी में भगवान श्री गणेश 18 वर्षों से पुरानी शिवपुरी गणेश चौक पर विराजमान होते आ रहे हैं जय शिव युवा समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद गब्बर सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया हम 11 दिन सभी समिति की सदस्य तन मन धन से श्री गजानन महाराज की सेवा करते हैं सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ते पूरी जान लगते हैं शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदोरिया पहुंचे पुरानी शिवपुरी गणेश चौक के राजा की आरती में सम्मिलित होने पुलिस अधीक्षक एवं देहात थाना प्रभारी विकास यादव अपने काफिले के साथ पहुंचे और वही संजय शर्मा मणिका शर्मा भी रही सम्मिलित गजानन महाराज आरती के दौरान हुआ जोरदार स्वागत।



गणेशउत्सव शुरुआत हो चुकी है, जिसका असर शिवपुरी में देखने को मिल रहा है. जगह-जगह गणेश उत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है. पहले दिन बप्पा के जोरदार स्वागत के साथ ही भगवान श्रीगणेश की खास पूजा- आराधना की गई. इस दौरान भक्तों ने अपने-अपने तरीके से दिल खोलकर बप्पा की आराधना की. जगह-जगह झांकी और पंडाल की चकाचौंध देखते ही बन रही है. कहीं चंद्रयान-3 थीम पर, तो कहीं बिस्कुट और पीपल के पत्तों से प्रतिमा देखने को मिल रही है. सोशल मीडिया पर भगवान गौरी गणेश के कई वीडियो और फोटोज सामने आ रहे हैं, जिन पर से नजरें हटाना मुश्किल है. हाल ही में भगवान श्रीगणेश का एक ऐसी ही फोटो जमकर वायरल हो रही है.

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गुड़ थाना प्रभारी विकास कपीश ने निगरानी बदमाश गुंडों की परेड लेकर शपथ दिलवाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)**




**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह जिला रीवा, के निर्देश अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर ,पुलिस अधीक्षक मुख्यालय हिमाली सोनी के मार्गदर्शन में रविवार को पुलिस थाना परिसर गुढ में थाना क्षेत्र के 15 गुंडे और 4 निगरानी बदमाशों को हाजिर कर उनकी परेड करवाई गई उनकी वर्तमान गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई गुंडा निगरानी बदमाशों द्वारा किसी भी अपराधिक गतिविधियों में शामिल न होकर आगामी विधानसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आम जनता का सहयोग करने की शपथ ली गई।

## मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी। विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए राजनैतिक दलों अथवा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त मतदान केंद्रों के परिवर्तन प्रस्तावों के संबंध में बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में एडीएम विवेक रघुवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी.गुप्ता सहित राजनैतिक दलों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की आपत्तियों को सुना। मतदान केन्द्रों के बारे में चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रो के युक्तियुक्तकरण के संबंध में निर्धारित समय-सीमा के पश्चात् राजनैतिक दलों तथा जन प्रतिनिधियों के माध्यम से मतदान केंद्रो के परिवर्तन प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए, यदि आयोग द्वारा मतदान केंद्रो के प्रस्ताव भेजने की अनुमति दी जाती है, तो इन प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि बैठक में प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हो एवं मतदाताओं को मतदान करने में किसी भी तरह की परेशानी ना आए, ऐसे प्रयास हम सभी को करना है।



उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त नियम एवं निर्देशों के अनुरूप ही कार्य किया जाएगा। समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें और समय सीमा का आवश्यक रूप से ध्यान रखें। इस मौके पर जिले के क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केन्द्रों के बारे में चर्चा की एवं सभी ने अपने-अपने विचार साझा किए।




## शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में मनाया गया एनएसएस, स्थापना दिवस

**राकेश परिहार पिछोर**



**पिछोर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छत्रसाल महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एस. एस. गौतम के निर्देशन में आज दिनाँक 24 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात स्वयंसेवको द्वारा एनएसएस लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ करनसिंह जाटव सहायक प्राध्यापक रहे जिन्होंने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी स्वयंसेवको को शुभकामनाएं प्रेषित की । साथ ही इस अवसर एनएसएस के उद्देश्य एवं महत्वों पर प्रकाश डालते हुए मार्गदर्शित भी किया व स्वयंसेवक द्वारा सुंदर रंगोली बनाकर भी अपनी कला प्रदर्शित की गई , कार्यक्रम मैं उपस्थित विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो.सतीश माहोर एवं डॉ बाबुलाल कुम्हारे ने भी अपने अनुभव से छात्र/छात्राओं को एन एस एस की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। एवं श्री प्रदीप राजपुत द्वारा भी स्वयं सेवको को एनएसएस की नियमावली पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवको वक्तत्व द्वारा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत ,मेरी माटी मेरा देश ,मतदाता जागरूकता ,रक्तदान,आदि गतिविधियों पर अपना प्रकाश डाला गया, कार्यक्रम अधिकारी प्रो.एन.एस.भिड़े ने सभी स्वयं सेवको को उत्कृष्ट कार्य समाजसेवा में अपनी भूमिका समर्पित करने को प्रेरित किया और आगामी नियमित गतिविधियों व कार्य करने की रुपरेखा बताई। कार्यक्रम का संचालन राज्यस्तरीय शिवार्थी दीपक पाल के द्वारा किया गया साथ ही अन्य स्वयंसेवको ने भी अपने विचार रखे कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में एनएसएस के स्वयं सेवक उपस्थित रहें।

### पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक रीवा शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में

## थाना प्रभारी समान निरी. जे.पी.पटेल एवं उनकी टीम ने शहर मे दहशत फैलाने वाले बाईकर्स गैंग के वर्ष 2022 से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**घटना का विवरण**-दिनांक 08.09.22 को फरियादी विपीन गुप्ता पिता सोमेश कुमार गुप्ता उम्र 29 वर्ष नि. द्वारिकानगर थाना अमहिया जिला रीवा (म.प्र.) व्दारा रिपोर्ट किया था कि मैं इन्द्रानगर में चाय सुट्टा बार (द डार्क कैफे) नाम से दुकान चलाता हूँ दिनाँक- 07.09.22 को रात करीब 08.00 बजे कई बाईको में सवार होकर मन्टू मिश्रा नि. ढेकहा, नितीन सिंह, सुमित जायसवाल, आशीष साहू नि. करहिया एवं कुछ अज्ञात लड़के लगभग 15-20 की संख्या मे हाथ में लाठी, डण्डा, राड, धारदार औजार लेकर आये और मेरी दुकान के सामने आकर भद्दी भद्दी गाली देकर लाठी, डण्डा, राड, धारदार हथियार से दुकान में रखे सामान में तोड़फोड़ करने लगे एवं मना करने पर मारने के लिए दौड़ने लगे तब हम लोग वहां से जान बचाकर भाग गये, तब वे लोग वहाँ खड़ी मोटर




सायकिलों में भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुँचाये और जान से मारने की धमकी देते वहाँ से सभी भाग गये । फरि. की रिपोर्ट पर थाना समान मे अपराध क्र. 359/22 धारा धारा 294,427,506,147,148,149,327,458 भा.द.वि.एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर पूर्व मे आरोपी 1.मन्टू उर्फ शिवांक तिवारी 2.शुभम परौहा उर्फ कुलदीप व्दिवेदी 3.सत्यम सिंह परिहार 4. सुमित जायसवाल 5. प्रतीक सिंह एवं 03 नफर अपचारी बालक पूर्व मे गिरफ्तार हो चुके है । प्रकरण मे वर्ष 2022 से फरार आरोपी मनीष सोंधिया एवं करण साकेत को मुखबिर व्दारा सूचना मिलने पर गिरफ्तार कर पूछताछ की गई जो अपने साथियो के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया जिन्हे जे.आर. मे माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

गिरफ्तार आरोपी - 1. मनीष सोंधिया पिता सुरेश प्रसाद सोंधिया 22 वर्ष निवासी खैरा नई बस्ती थाना चोरहटा जिला रीवा 2. करण साकेत पिता सुखलाल साकेत 24 वर्ष निवासी करहिया थाना चोरहटा जिला रीवा

**महत्वपूर्ण भूमिका-** 1.निरीक्षक जे.पी. पटेल 2. प्र.आर.292 शिवाजीत मिश्रा एवं थाना समान पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीचन्द्र प्राकट्योत्सव

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। शिव स्वरूप भगवान श्री श्रीचन्द्र जी सनातन धर्म की पताका लेकर जीवन के मूल मंत्र ÷चेतहु नगरी तारहु गांव, अलख पुरूष का सिमरहु नाम÷ लेकर नगर-नगर गांव-गांव भृमण कर समस्त सनातनी समाज को जागृत करते हुए कहा- अगर

### सभी सनातनी एकजुट हो जाये तो विधर्मी कभी भी आपको विचलित नहीं कर सकता : महामंत्री स्वामी हंसदास

पूरा सनातन समाज आपसी मतभेद, ईर्ष्या द्वेष और वैर विरोध भुलाकर एकजुट होकर विधर्मियो का विरोध करे तो कोई भी विधर्मी कभी भी आपको विचलित नही कर सकता। सनातन धर्म कभी भी नही मिट सकता और न ही कोई भी मिटा सकता है। केवल आपको अपने धर्म मे प्रतिष्ठित रहकर दृड़ता से डटे रहना है। तो धर्म सदैव आपकी रक्षा करेगा। उक्त विचार भगवान श्रीचन्द्र जी के 529वें अवतरण दिवस पर नगर के मध्य





स्थित अमर शहीद वीर हेमू कालाणी चौक पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में अखिल भारतीय सिन्धु सन्त समाज ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री श्रद्धेय स्वामी हंसदास जी ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीचन्द्र जी के दिव्य स्वरूप के अभिषेक पूजन के साथ हुआ। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित भक्त समुदाय ने आचार्यश्री की आरती की। तत्पश्चात पवित्र वाणी मात्रा शास्त्र का सामूहिक पाठ किया गया और विश्व मंगल भावना से प्रार्थना की गई। उसके पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में सभी ने कृपा प्रसाद ग्रहण किया। खिल भारतीय सिंन्धु सन्त समाज ट्रस्ट के प्रांतीय सलाहकार स्वामी सरूपदास जी ने आये हुए सभी श्रद्धालुओं को भगवानश्री का रोट प्रसाद वितरित किया। इस हर्षोत्सव मे समाज के सभी गणमान्य नागरिक, महिलाओं और युवा वर्ग सहित मुख्य रूप से सर्व श्री सरदार प्रह्लाद सिंह, हुकुमतराय होतवानी, सन्तूलाल आहूजा, सुदामा लाल सचदेव, लधाराम ठारवानी, गुरमुख दास मोटवानी, ज्ञानचंद मोटवानी, कमलेश सचदेव, राजकुमार टिलवानी, कन्हिया लाल मंगलानी, गिरधारी लाल गंगवानी, पप्पू मन्जानी, नरेश काली, श्रीचन्द्र कोटवानी, हरचाराम हिरवानी, विजय सचदेव, अशोक रोहड़ा, लेखराज मोटवानी, मनीष चांदवानी, मुकेश हिरवानी, विनोद पुरसवानी, मुकेश ठारवानी, सुनील चेलवानी, सुमित रामचंदानी, राम नारवानी,अनूप गेही, महेश हिरवानी, हरीश वाधवानी, गोपाल कृष्णानी, राहुल टहिल्यानी सहित विशाल भक्त समुदाय उपस्थित रहा।

### प्रतिवंधित नशीली केप्सूल विरूद्ध कार्यवाही

# एक मोटर साईकिल सहित 288 नग प्रतिवंधित नशीली केप्सूल के साथ 04 आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**घटना विवरण–** पुलिस अधीक्षक सतना श्री आशुतोष गुप्ता के आदेशानुसार थाना क्षेत्र में लगातार व सतत् अवैध मादक पदार्थ के तस्करो एवं अवैध शराब माफियाओ के विरूद्ध लगातार थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर कार्यवाही करने के तारतम्य में विश्वसनीय सूत्रो के माध्यम से थाना रामपुर बाघेलान के चौकी बेला क्षेत्र में प्रतिवंधित नशीली केप्सूल रख कर बेचने वाले पर अति. पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण श्री विक्रम सिंह एंव उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या) सतना विजय सिंह के निर्देशन में निरी उमेश प्रताप सिंह थाना प्रभारी रामपुर बाघेलान द्वारा चौकी प्रभारी बेला उप निरी. ओशो गुप्ता के नेतृत्व में थाना व चौकी की सामूहिक टीम गठित कर ग्राम बेला मे रेड कार्यवाही की गई । रेड कार्यवाही में आरोपीगण (01) रोहित केवट पिता गौकरण केवट उम्र 28 साल नि बेला (02) विनोद केवट उर्फ पप्पू केवट पिता रामकुमार केवट उम्र 45 साल नि बेला (03) सनम साकेत उर्फ नन्हे साकेत पा कामता प्रसाद साकेत उम्र 24 साल नि भोलगढ थाना चोरहटा (04) ब्रजभान साकेत पिता सुन्दर साकेत उम्र 23 साल




नि भोलगढ थाना चोरहटा को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसके अधिपत्य से 288 नग प्रतिवंधित नशीली केप्सूल एवं एक मोटरसाईकिल कुल कीमती 72688/- रू. जब्त किया गया । आरोपी उपरोक्त के विरूद्ध अपराध क्रमांक 694/ 2023 धारा 8,21,22 का पंजीबद्ध किया गया।

**गिरफ्तार सुदा आरोपी का नाम पता:–** (01) रोहित केवट पिता गौकरण केवट उम्र 28 साल नि. बेला (02) विनोद केवट उर्फ पप्पू केवट पिता रामकुमार केवट उम्र 45 साल नि. बेला (03) सनम साकेत उर्फ नन्हे साकेत पा कामता प्रसाद साकेत उम्र 24 साल नि. भोलगढ थाना चोरहटा (04) ब्रजभान साकेत पिता सुन्दर साकेत उम्र 23 साल नि. भोलगढ थाना चोरहटा जब्त सामग्री ङ्क 288 नग प्रतिवंधित नशीली केप्सूल एवं एक मोटरसाईकिल कुल कीमती 72688/- रू. ।

**सराहनीय भूमिका–** उक्त कार्यवाही में निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान, उप निरी. ओशो गुप्ता चौकी प्रभारी बेला , प्र.आर.राजबहादुर सिंह , आर. विश्वदीप तिवारी, नंद कुमार त्रिपाठी, अजय पांडेय, संजय तिवारी मआर् दिव्या साकेत ,सैनिक विनोद चतुर्वेदी, सुदर्शन उपाध्याय, आदि की सराहनीय भूमिका रही है ।

# अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन सतना द्वारा मातृछाया शिशु गृह का अवलोकन किया गया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

सतना। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन सतना जिला के पदाधिकारियों द्वारा आज मातृछाया उतैली पहुंचकर परिसर में विराजे भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना की गई, तदोपरांत मातृ छाया शिशु गृह का अवलोकन किया गया, यहां पर नौनिहाल शिशुओं का पालन-पोषण कितनी पारदर्शिता से किया जाता इसकी जानकारी मातृछाया के संचालक श्री प्रदीप सक्सेना जी के द्वारा संगठन के पदाधिकारियों को दी गई तत्पश्चात संगठन के द्वारा बच्चों के उपयोग के लिए दूध प्रोटीन पाउडर दिया गया! इस कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति- श्री महेंद्र तिवारी जी (प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष), श्री सुखलाल चौरसिया (संभाग उपाध्यक्ष), सुश्री शिखा शुक्ला (ज़िला प्रभारी) श्रीमती किरण सेन(जिला अध्यक्ष महिला), श्रीमती चांदनी श्रीवास्तव (संभाग उपाध्यक्ष), श्रीमती करुणा तिवारी (संभाग महासचिव), श्रीमती अर्चना पटेल (ज़िला उपाध्यक्ष), श्रीमती मधु डागोर (जिला महामंत्री), श्रीमती शीलम सैनी (जिला महामंत्री), करुणेश अनुरागी (जिला प्रमुख सचिव) तथा डी सी श्रीवास्तव जी! मीडिया प्रभारी शिवम शुक्ला।

## पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के पुत्र दीपक जोशी ने बीजेपी से विद्रोह करने के बाद रविवार को कांग्रेस कार्यालय रीवा में की प्रेस वार्ता

# यदि वर्ल्ड में किसी को झूठ बोलने का सुपर मेडल मिलेगा तो वह है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**रीवा।** पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के पुत्र दीपक जोशी ने बीजेपी से विद्रोह करने के बाद रविवार को



कांग्रेस कार्यालय रीवा में प्रेस वार्ता कर अपना दर्द बयां किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब अपनों की सगी नहीं है तो जनता की कहां से होगी, उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को विदा करने में उनका व्यक्तिगत और राजनीतिक कारण था, भारतीय जनता पार्टी से विद्रोह करने के बाद अपना दर्द बयां करते हुए उन्होंने कहा कि उनके पिता कैलाश जोशी पूर्व मुख्यमंत्री के साथ-साथ 8 बार विधायक रह चुके हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने उनकी गरिमा का भी ख्याल नहीं किया। पिता के स्वर्गवास हो जाने के बाद पूरी भारतीय जनता पार्टी एकत्रित हुई जहां शिवराज ने घोषणा किया कि उनके पिता के स्मारक की स्थापना की जाएगी, 3 वर्ष बीत गए लेकिन आज तक नहीं हुई।

दीपक जोशी ने कहा कि जीजी को1000 और जीजा को 2500 का बिजली का बिल यह है शिवराज का फंडा की जीजी को 1000 देकर बिल बढ़कर जीजा से 2500 भाजपा की सरकार वसूल रही है। दीपक जोशी ने कहा कि इतने वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद भी उनके पास तीन कमरे का घर है, कोई गाड़ी नहीं है। लेकिन शिवराज सिंह चौहान की असलियत भली-भांति सब जानते हैं। जिनके पास कर खरीदने का पैसा ना हो वह चुनाव आयोग को 9.5 करोड़ की संपत्ति की घोषणा करते हैं। दीपक जोशी ने कहा कि यदि पूरे वर्ल्ड में किसी को झूठ बोलने का मेडल मिले तो वह शिवराज सिंह चौहान है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि खराब चमड़ी व अच्छे कपड़े पहना देने से परिवर्तन नहीं आता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा 1000 गौशाला का निर्माण कराया गया, जिससे गौ माता सुरक्षित रह सके भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही गौशाला खाली पड़े हैं और गौ माता सड़कों पर बे मौत मर रही है। प्रदेश में 80 90 करोड रुपए के चीते खरीदे जा रहे हैं और अपनी पीठ थपथपा रहे हैं लेकिन गौ माता आज भी सड़क पर भूखी प्यासी तड़प रही है यह भारतीय जनता पार्टी की कटनी और करनी है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को निखारने का मंच है: जिला संगठक

**केशब पंडित जी अम्बाह**



**अम्बाह।** 24 सितंबर 2023 को अम्बाह पीजी कॉलेज अम्बाह में रासेयो ईकाईयों द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रासेयो जिला संगठक डॉ. शशिवल्लभ शर्मा एवं महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विश्वास मेढेकर उपस्थित रहे । स्वागत उद्बोधन के बाद अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए गए ।अतिथियों का स्वागत रासेयो बैज़ लगाकर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वी मेढेकर ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया एवं रासेयो स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी । रासेयो जिला संगठक डॉक्टर शर्मा ने रासेयो के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रासेयो विद्यार्थियो को संस्कारित करने का मंच है। समाज सेवा के माध्यम से खुद के व्यक्तित्व को निखारने की प्रक्रिया है। हमसे पहले आप, नॉट मी बट यू के सिद्धांत पर काम करने वाला रासेयो संगठन भारत सरकार का सबसे बड़ा मंच है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रक्षा कम्ठान ने एन एस एस के बी एवं सी प्रमाण पत्रों की विस्तृत जानकारी दी एवं सेवा के माध्यम से शिक्षा व्यक्तित्व का विकास करने में सहायक है डॉ पूर्णिमा अग्रवाल ने कहां रासेयो के स्वयंसेवकों में आत्म अनुशासन विकसित होता है कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत एवं देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई एवं वरिष्ठ स्वयं सेवक शिखा शर्मा एवं अदिति वर्मा ने राज्य एवं राष्ट स्तरीय शिवरों के अनुभव स्वयंसेवकों से साझा किये। स्वाति शर्मा, पीयूष शर्मा अरुण ने इकाई कैंपों के अनुभव छात्रों से साझा किया कार्यक्रम में रासेयो के बी प्रमाण पत्र एवं सी प्रमाण पत्र का वितरण जिला संगठक एवं प्राचार्य जी के द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ पंकज भदोरिया द्वारा अतिथियों का आभार एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्वयंसेवकों को बधाई दे।



## खेलो इंडिया की तर्ज पर खेलों एमपी यूथ गेम्स जिला स्तरीय प्रतियोगिता

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । दिनांक 23 सितंबर से 24 सितंबर तक चली जिसमे विभिन्न ब्लॉकों से भिंड,अटेर ,मेहगांव ,रोन, लहार,गोहद,की टीमों ने,जिला स्तर पर अपना प्रदर्शन किया जिसमें चयनित बालक बालिका 27 और 28 तारीख को संभागीय स्तरीय प्रतियोगिता में भिंड जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे यह आयोजन कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज खत्री एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जोसेफ बाक्सला,रामबाबू कुशवाहा की निगरानी में किया गया। यह जानकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला खेल प्रशिक्षक संजय पंकज सिंह के द्वारा दी गई जो भी खिलाड़ी 18 खेल एथलेटिक्स,बास्केटबॉल, बैडमिंटन,बॉक्सिंग,फटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो,मलखम, ताईक्वांडो,फेसिंग, रोइंग,कायाकिंग, कैनोइंग, शूटिंग एवं आर्चरी की ट्रायल कराई गई है जिसमें ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी अटेर शिव कुमार शर्मा खो खो सेक्रेटरी प्रमोद गुप्ता, वॉलीबॉल सेक्रेटरी सनकसिंह, कुश्ती श्रीमती बृजबाला यादव ,योगिता यादव, शतरंज एंड मलखम क्रीड़ा अधिकारी सतीश भारद्वाज ,बादशाह गुर्जर, विष्णु त्रिपाठी,चेतन तोमर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भिंड साधना तोमर नीरज बघेल ,अनिल श्रीवास, शिवानी सेंगर,अभिषेक कुशवाह, आलोक नरवरिया, रंजीत गुर्जर।

# कांग्रेस के दो विधायकों पर भाजपा की नजर


## दर्जा प्राप्त मंत्री के मंच पर विधायक का विरोध किताब बनी नेताजी की मुसीबत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव को अब बमुश्किल डेढ़ महीने का ही वक्त बचा है। ऐसे में सियासी दलों में टिकट के लिए जंग सी छिड़ गई है। दावेदारों में कोई अपनी ताकत दिखा रहा है, कोई अपने आकाओं के चक्कर लगा रहा है, तो कोई अपने ही दल के कॉम्पिटिटर को नीचा दिखाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। बुंदेलखंड के एक जिले में सत्ताधारी दल की कुछ ऐसी ही तस्वीर नजर आई। यहां एक दर्जा प्राप्त मंत्री चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। उन्होंने हाल ही में एक कार्यक्रम कराया। जिसमें स्थानीय विधायक यानी अपने कॉम्पिटिटर को नहीं बुलाया। चलो नहीं बुलाया तो नहीं बुलाया, लेकिन इस प्रोग्राम के मंच पर विधायक के खिलाफ जमकर आग उगली गई। विधायक का नाम लिए बिना एक सरकारी कर्मचारी ने राशन घोटाला और विवाह सहायता राशि घोटाला समेत कई घोटालों का जिक्र कर दिया। कहते है न कि समझदार को इशारा ही काफी है। विधायक के समर्थक पूरा माजरा समझ गए। इस वाकया के बाद विधायक के समर्थक दर्जा प्राप्त मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**किताब बनी विधायक की मुसीबत–** सियासत में कब, कौन सी बात या मुद्दा किसी के लिए मुसीबत बन जाए, कोई नहीं जानता। ऐसी चीजें अचानक प्रकट हो जाती है। या फिर विरोधी इन्हें खोजकर ले आते हैं। विंध्य में सत्ताधारी दल के एक विधायक कुछ इसी तरह की मुसीबत का सामना कर रहे हैं। विधायक की लिखी एक किताब चुनावी मौसम में उनके लिए परेशानी खड़ी कर रही है। विरोधी इस किताब में लिखी बातों को लेकर नेता जी की घेराबंदी कर रहे है। किताब में ब्राह्मणों और भगवान राम को लेकर कई आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। हालांकि विधायक जी के करीबी तर्क दे रहे हैं कि यह किताब तो उन्होंने दूसरे दल में रहते हुए लिखी थी। अब पार्टी बदल ली है, तो उनकी विचारधारा बदल गई है।

**नेता जी को घर वापसी की उम्मीद–** विंध्य क्षेत्र के सत्ताधारी दल के एक कद्दावर नेता के इन दिनों अच्छे दिन चल रहे हैं। हाल ही उन्हें रुतबे वाला पद मिला है। अब उन्हें %घर वापसी% की उम्मीद बंधी है। चौथी बार के विधायक ये नेता जी अपने गृह क्षेत्र से चुनाव लड़ने के मूड में है। वहां के स्थानीय कार्यकर्ता इसकी डिमांड भी कर रहे हैं। शहर की सीट पर रिकॉर्ड वोटों से जीतने वाले नेता जी को नए जिला अस्तित्व में आने के बाद पार्टी उन्हें उनके गृह क्षेत्र की सीट से चुनाव लड़वा सकती है। ये संभावना इसलिए बन रही है, क्योंकि




नेता जी के गृह क्षेत्र वाली सीट के मौजूदा विधायक को ऐज फैक्टर के चलते टिकट से वंचित रहना पड़ सकता है। अब इस सीट पर पार्टी को जिताऊ चेहरा तय करने में पसीने छूट रहे हैं। ऐसे में नेता जी को अपने घर की सीट से चुनाव लड़ने का मौका मिल सकता है।

**दो विधायकों पर डोरे डाल रही बीजेपी–**बीजेपी ने ऐसी सीटों से अपने प्रत्याशी घोषित करने की शुरुआत की है, जहां पिछले चुनाव में उसे हार का मुंह देखना पड़ा था। पार्टी ऐसी 39 सीटों के लिए अपनी पहली सूची जारी कर चुकी है। लेकिन बची 64 पर जिताऊ चेहरे तय करने में उसे पसीने आ रहे है। इस बीच सियासी गलियारों में यह खबर उड़ रही है कि बीजेपी की नजर कांग्रेस के दो ऐसे विधायकों पर है जो लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। इनमें से एक चंबल तो दूसरा बुंदेलखंड से विधायक हैं। एक तो मंत्री भी रह चुके हैं, जबकि दूसरे सीनियर होने के बाद भी पिछली सरकार के मंत्रिमंडल में जगह नहीं पा सके थे। एक विधायक जी की बड़े घर में मीटिंग भी हुई थी, लेकिन खबर मीडिया में आ गई थी। जिसके बाद उन्होंने उसे सामाजिक बैठक बताते हुए सियासी संभावनाओं को विराम दे दिया था। लेकिन अब एक बार फिर से चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि इनमें कितनी सच्चाई है ये लिस्ट जारी होने पर ही पता चलेगा।

**ये चुनाव का समय है, जुबान संभाल के–**चुनावी मौसम में पक्ष-विपक्ष के नेता एक-दूसरे पर नजर रख रहे हैं। कहीं कोई गलती हुई या कोई कमजोरी दिखी तो फौरन घेराबंदी शुरू हो जाती है। इस मामले में विरोधी दल की स्थिति छाछ को भी फूंक-फूंक कर पीने जैसी है। इसलिए आला नेताओं ने सलाह दी है कि कम से कम चुनाव तक तो जुबान संभाल के रहना। हाल ही में विपक्षी दल की एक हाईलेवल ड़मीटिंग में तय हुआ कि सत्तापक्ष के फैलाए एजेंडे के जाल में नहीं फंसना है। जिन नेताओं के बयान मीडिया में कॉन्ट्रोवर्सी पैदा कर पार्टी को मुश्किल में डाल देते हैं। उन्हें यह सलाह दी गई कि वे मीडिया में विवादित बयान देने से बचें। कुछ खबरनवीसों के जरिए धार्मिक मुद्दों में उलझा दिया जाता है। ऐसे मामलों में विवादों से बचें। यह तय हुआ है कि नेशनल लेवल के हाजिरजवाब नेताओं को एमपी में तैनात किया जाएगा। बड़े लीडर चुनावी कैम्पेन संभालेंगे और विरोधियों पर वार-पलटवार के लिए नेताओं की टीम अलग रहेगी।

## संपादकीय

### कनाडा में खालिस्तानी षड्यंत्र

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाए जाने और इसके साथ ही भारतीय राजनयिक को भी कनाडा से जाने के लिए कह देने पर हर कोई हैरान है। इस पर भारत द्वारा एक्शन लिए जाने और कनाडा के राजनयिक को भारत छोड़ देने के लिए कहे जाने पर दोनों देशों के रिश्ते उस जगह पर पहुंच गए हैं जहां से इनके सामान्य होने की उम्मीद फिलहाल करना बेनामी है। जी–20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान भी जस्टिन ट्रूडो को खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों पर सख्त हिदायत दी गई थी। इससे जस्टिन ट्रूडो खुद को मुश्किल स्थिति में पा रहे थे। जैसे–तैसे वह कनाडा पहुंचे तो उन्होंने भारत पर सीधा आरोप लगा दिया। खालिस्तान के मुद्दे पर भारत और कनाडा में तलवारें खिंचना कोई नई बात नहीं। इस तनातनी की पृष्ठभूमि काफी पुरानी है। खालिस्तानी पिछले 45 वर्षों से कनाडा में पनप रहे हैं लेकिन इसके बाद भी ट्रूडो सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। कनाडा में खघलिस्तानियों को संरक्षण मिलने के चलते भारत को अनेक जख्म मिल चुके हैं। पंजाब के आतंकवाद के काले दिनों को देशवासी कभी भूल नहीं पाएंगे।–क्या यह राष्ट्र भूल पाएगा जब पंजाब में बसों से एक ही समुदाय के लोगों को घनिकाल कर उन्हें गोलियों का निशाना बनाया गया। क्या यह देश भूल पाएगा जब खालिस्तानी आतंकवादियों ने 1985 में कनिष्क विमान को बम धमाके से उड़ा दिया था और इस हमले में कुल 329 लोग मारे गए थे। दृक्या भारत पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या भूल सकता है।–लगभग दो दशक के आतंकवाद के दौर में पंजाब के नेताओं को चुन–चुन कर निशाना बनाया गया और पंजाब को नेता विहीन कर दिया गया।–आतंकवाद के पीड़ित परिवारों के आंसू आज तक नहीं थमे हैं।मैं स्वयं आतंकवाद पीड़ित परिवार से हूं। मेरे परदादा लाला जगतनारायण जी और मेरे दादा रमेश चन्द्र जी आतंकवादियों का निशाना बने थे। उनकी शहादत को मेरा परिवार कभी नहीं भूल सकता। कनाडा में सिखों के बसने का सिलसिला 20वीं सदी के पहले दशक में शुरू हुआ। इतिहासकारों की मानें तो ब्रिटिश कोलंबिया से गुजरते हुए ब्रिटिश सेना के सैनिक वहां की उपजाऊ भूमि देखकर आकर्षित हो गए। 1970 के दशक तक सिखों की मौजूदगी कनाडा में बहुत कम थी लेकिन 1970 के दशक में यह बदल गया। भारत ने मई 1974 में राजस्थान में पोखरण परमाणु परीक्षण किया। इससे कनाडा की सरकार नाराज हो गई। कनाडा का मानना था कि उसने भारत को शांति के मकसद से परमाणु ऊर्जा के लिए रिएक्टर्स दिए हैं। भारत ने कनाडू टाइप के रिएक्टर्स का प्रयोग किया था। उस समय पियरे ट्रूडो कनाडा के पीएम थे, खफा हो गए और भारत के साथ कनाडा के रिश्ते खराब हो गए। जिस समय यह सब हो रहा था उसी समय भारत में खालिस्तान आंदोलन को हवा मिल रही थी। कई सिखों ने राजनीतिक उत्पीड़न का हवाला देते हुए कनाडा में शरणार्थी का दर्जा मांगा। एयर इंडिया बॉम्बिंग का मास्टरमाइंड खालिस्तानी आतंकवादी तलविंदर सिंह परमार भी उनमें से ही एक था। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक सन् 1982 में जब भारत में इंदिरा गांधी की सरकार थी तो कनाडा से परमार के प्रत्यर्पण की मांग की गई। परमार पर पुलिस अधिकारियों की हत्या का आरोप था लेकिन पियरे ट्रूडो के नेतृत्व वाली सरकार ने अनुरोध को मानने से इन्कार कर दिया था। ऐसा लगता है कि जस्टिन ट्रूडो अपने पिता के ही नक्शे कदमों पर चल कर खालिस्तानी समर्थकों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। कभी कनाडा में खालिस्तान के नाम पर जनमत संग्रह कराया जाता है। कभी वहां भारत की भावनाओं को अघात पहुंचाने केघलिए झांकियां प्रस्तुत की जाती हैं। कभी वहां हिन्दू धर्म स्थलों पर खालिस्तानी नारे लिखे जाते हैं और भारतीय दूतावासों पर लगे तिरंगे का अपमान किया जाता है। अब तो खालिस्तानी आतंकी पन्नू खुलेआम धमकियां दे रहा है कि कनाडा केवल खालिस्तानियों का है। हिन्दू यहां से अपने देश लौट आएं। इससे पहले भी आतंकी पन्नू लगातार भारत को धमकियां देता रहा है। यद्यपि कनाडा में अभिव्यक्ति की आजादी है लेकिन इसका इस्तेमाल हिंसा,अलगाववाद और आतंकवाद को सही ठहराने के लिए किया जा रहा है घजिससे भारत की चिंताएं बढ़ गई हैं। भारत यह कैसे सहन कर सकता है कि आतंकवादी निज्जर की हत्या का आरोप लगाते हुए भारतीय राजनयिकों की फोटो लगे पोस्टर वहां चिकपाए जाएं। सवाल यह हैद कि ट्रूडो सरकार खालिस्तानियों को संरक्षण क्यों दे रही है। इसका बड़ा कारण वोट बैंक की राजनीति है। कनाडा की राजनीति में सिखों का काफी महत्व है। कई परिषदों और कनाडा संसद में भी सिख सांसद हैं और जस्टिन ट्रडो की पार्टी को घसिखों का समर्थन प्राप्त है।

# खालिस्तानी उग्रवादियों का पैरोकार कनाडा

–रोहित माहेश्वरी

> “यही नहीं कनाडा के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एपी से कहा कि एक मित्र देश से भी उन्हें इंटेलिजेंस मिला था, जिसके बाद ये आरोप लगाए गए। बता दें कि कनाडा श्फाइव आइजश् नाम के संगठन में शामिल है। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन भी शामिल हैं। ये पांचों देश आपस में खुफिया जानकारी भी साझा करते हैं।”

खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर आरोप लगाने वाले कनाडा का कहना है कि उसने भारतीय डिप्लोमैट्स की सर्विलांसिंग की थी। उसका कहना है कि कनाडा में भारतीय राजनयिकों की सर्विलांसिंग के बाद यह जानकारी सामने आई कि वे निज्जर की हत्या में शामिल थे। यही नहीं कनाडा के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एपी से कहा कि एक मित्र देश से भी उन्हें इंटेलिजेंस मिला था, जिसके बाद ये आरोप लगाए गए। बता दें कि कनाडा श्फाइव आइजश् नाम के संगठन में शामिल है। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन भी शामिल हैं। ये पांचों देश आपस में खुफिया जानकारी भी साझा करते हैं। अधिकारी ने यह नहीं बताया कि कनाडा को किस सहयोगी देश से इंटेलिजेंस मिली थी और उसमें क्या बात थी। बता दें कि भारत ने निज्जर की हत्या में शामिल होने के आरोपों से साफ इंकार किया है। इसके अलावा कनाडा की ओर से लगाए आरोपों पर सबूत की भी मांग की है, जिन्हें अब तक देने में जस्टिन ट्रूडो सरकार असफल रही है। हालांकि जस्टिन ट्रूडो ने एक बार फिर से अपनी जिद को दोहराते हुए कहा है कि भारत की इस मामले में संलिप्तता थी। उन्होंने गुरुवार को फिर से कहा कि यह मानने के पर्याप्त कारण मौजूद हैं कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स का हाथ था और ये लोग राजनयिकों के संपर्क में थे। हरदीप सिंह निज्जर कुछ साल पहले ही एक प्लंबर के तौर पर कनाडा पहुंचा था। फिर धीरे–धीरे वह खालिस्तानी चेहरा बन गया और कई धार्मिक स्थलों पर कब्जा जमा लिया था। कहा जाता है कि यहां चढ़ने वाली रकम से वह जस्टिन ट्रूडों की पार्टी को फंडिंग तक करता था। कांग्रेस के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने भी गुरुवार को ऐसे आरोप लगाए थे। सोमवार को ट्रूडो ने संसद में आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों का हाथ है। उसके बाद कनाडा ने एक भारतीय राजनयिक को बाहर कर दिया था और फिर भारत ने भी कठोर निर्णय लिया है। बीते दिनों कनाडा में एक और खालिस्तानी समर्थक की हत्या कर दी गई है। कनाडा में रहने वाले आतंकी सुखदूल सिंह की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बंबीहा गैंग के गैंगस्टर सुक्खा दुनोके (सुखदूल) के कत्ल की जिम्मेदारी ली है। जिन लोगों ने सुखदूल को गोली मारी उनकी पहचान नहीं की जा सकी है। खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों की पैरोकारी करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर जो बेहद गंभीर आरोप चस्पा किया है, उससे न केवल राजनयिक टकराव पैदा हुआ है, बल्कि भारतीय छात्रों और अनिवासी भारतीयों पर खतरे मंडराने लगे हैं। कनाडा ने हमारे एक वरिष्ठ राजनयिक को देश छोडने का आदेश दिया है, तो हमारे विदेश मंत्रालय ने भी कनाडाई राजनयिक को 'देशनिकाला' दे दिया है। यह लोकतांत्रिक और सहयोगी देशों के लिए सुखद स्थितियां नहीं हैं। भारत सरकार को अपने नागरिकों के लिए सतर्कता का परामर्श जारी करना पड़ा है। कनाडा भारतीयों, खासकर पंजाबियों के लिए, दूसरा घर रहा है, लेकिन अब खालिस्तानियों की निश्चित पनाहगाह भी बन गया है। कनाडा नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य–देश है, तो जी–20 समूह में भारत के साथ भी शामिल है। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय संवाद किया था, जिसके दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दूतावासों और मंदिरों पर खालिस्तानी उग्रवादियों के हमलों का मुद्दा उठाया था। कनाडाई प्रधानमंत्री को सचेत किया गया था कि भारत इन हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसके बावजूद प्रधानमंत्री ट्रूडो ने अपनी संसद में संगीन आरोप लगाए कि कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारतीय एजेंसियों ने कराई थी। उन्हें यह भी कहना पड़ा कि कनाडा भारत को उकसाना नहीं चाहता, लेकिन वह गंभीरता से इस पर सोचे। यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो की सोच खालिस्तान समर्थक नहीं थी, तो उन्होंने यह आरोप किन साक्ष्यों के आधार पर चस्पा किया? उन्होंने भारतीय राजनयिक को 'देशनिकाला' क्यों दिया? उनके देश में खालिस्तान समर्थक उग्रवादी सरेआम सक्रिय क्यों हैं? क्या कनाडा ही खालिस्तान बन गया है? भारतीय हिंदू छात्रों और अनिवासी भारतीयों को कनाडा छोड़ कर चले जाने की धमकियां क्यों दी जा रही हैं? क्या खालिस्तानी गुरपतवंत पन्नू अब तय करेगा कि कनाडा में कौन बसेगा और किसे देश छोड़ देना चाहिए? ट्रूडो बताएं कि ऐसा क्यों है? क्या 2.30 लाख छात्रों और करीब 7 लाख अनिवासी भारतीयों के प्रति कनाडाई प्रधानमंत्री की कोई जवाबदेही और जिम्मेदारी नहीं है? यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों में जरा–सा भी तथ्य होता, तो अमरीका समेत यूरोपीय देश उनके आरोप का समर्थन करते और भारत पर दबाव बनाते। हालांकि पश्चिमी देश छोटे–मोटे मुद्दों पर ही भारत का पांव दबाने लगते हैं, लेकिन कारोबार, बाजार और रणनीतिक साझेदारी के मद्देनजर भारत के ही मुखापेक्षी रहे हैं। बहरहाल कनाडा के वरिष्ठ पत्रकार और भारतवंशी लोग लगातार आग्रह कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री ट्रूडो को साक्ष्यों के आधार पर बात करनी चाहिए। अमरीका समेत कुछ देश भी तथ्यों के आधार पर जांच की मुखर मांग करने लगे हैं। यदि ट्रूडो खालिस्तान के इतने वैचारिक, सामाजिक, राजनीतिक हमदर्द हैं, तो कनाडा में ही 'खालिस्तान' बसा सकते हैं। कनाडा में व्यापक भूभाग हैं, जहां खालिस्तान बसाया जा सकता है। कनाडा में सिख, हिंदू और मिश्रित भारतीयों की आबादी खूब है। कनाडा की अर्थव्यवस्था के आधार ही भारतीय हैं। भारत के साथ हजारों करोड़ रुपए का कनाडा व्यापार करता है, लेकिन ट्रूडो ध्यान रखें कि खालिस्तान की पैरोकारी 'आत्मघाती' साबित हो सकती है, क्योंकि यह उग्रवाद और अलगाववाद, अंततरू, आतंकवाद ही है और कनाडाई प्रधानमंत्री ने वैश्विक संगठनों के घोषणा पत्रों पर हस्ताक्षर भी किए हैं, जिनमें आतंकवाद का मुद्दा भी शामिल रहा है। सवाल यह भी है कि क्या प्रधानमंत्री ट्रूडो को अपनी 'अल्पमत सत्ता' बचाने को खालिस्तानियों की पैरोकारी करनी पड़ रही है? दरअसल, कनाडा के प्रधानमंत्री की अल्पमत सरकार को उन तत्वों का समर्थन है, जो भारत विरोधी अलगाववादियों की पीठ पर हाथ रखते हैं। ट्रूडो अपनी सरकार सुरक्षित रखने के लिये इन भारत विरोधी तत्वों के हाथ की कठपुतली बनते जा रहे हैं। दरअसल, जी–20 सम्मेलन के दौरान भी ट्रूडो का गैरजिम्मेदार रवैया सामने आया। तभी लगा था कि वे खालिस्तान समर्थक तत्वों की हरकतों को गंभीरता से नहीं लेते। लेकिन वे कनाडा पहुंचकर ऐसा कदम उठाएंगे, ऐसी उम्मीद किसी को नहीं थी। दरअसल, अलगाववादियों की आवाज उन्हें अपने नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी नजर आती है। इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि भारत की संप्रभुता और एकता–अखंडता के गंभीर मुद्दे की तुलना वे अपनी राजनीतिक मजबूरियों के मामले से कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें अतंर्राष्ट्रीय संबंधों की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कनाडा ने ऐसी तत्परता तब भी नहीं दिखायी जब विमानन इतिहास के बड़े आतंकी हमले का शिकार हुए भारतीय एअर इंडिया विमान में 329 लोग मारे गये थे। जिसमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई लोग थे। यह भी गौरतलब है कि भारत ने कभी भी, किसी भी देश की, संप्रभुता में न तो हस्तक्षेप किया और न ही पहला हमला किया। यदि भारत देशद्रोहियों, दुश्मनों और आतंकियों के खिलाफ सख्ती करता है अथवा उनकी हत्या भी कर देता है, तो ऐसी कार्रवाई में गलत क्या है? क्या अमरीका, चीन, रूस और इजरायल ने अपने देश के दुश्मनों को, अपनी सीमाओं के बाहर जाकर, नहीं मारा? चीन ने कनाडा में ही अपने आलोचकों की हत्या की है, तब ट्रूडो की जुबान क्यों चिपक कर रह गई? ध्यान रहे कि भारत किसी भी देश में अपने खिलाफ हिंसक हरकतों को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। –स्वतंत्र पत्रकार

# भारत–कनाडा सम्बन्ध सुधरें

**सुरेश शर्मा**

कनाडा में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या और उसे लेकर दिये गये वहां के प्रधानमंत्री के बयान को लेकर भारत–कनाडा के बीच कटुता बढ़ चली है जिसका कई तरह से असर पड़ सकता है। इससे जहां एक ओर दोनों देशों के बीच परस्पर व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा वहीं इसके चलते दोनों देशों में रहने वाले सिखों और हिंदुओं के बीच भी रिश्ते खराब हो सकते हैं। इसके लिये बहुत जरूरी है कि भारत और कनाडाई सरकारें आपस में बात कर मुद्दों को सुलझाए। दरअसल ब्रिटिश कोलंबिया में एक कनाडाई सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के राजनयिक सम्बन्ध खराब हो चले हैं। सोमवार को अपनी संसद को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हत्या को भारत सरकार से जोड़ा। इतना ही नहीं, कनाडा ने भारत के राजनयिक को निष्कासित कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने भी उनके समकक्ष कनाडाई अधिकारी को देश छोड़ने को कह दिया। इसके कारण दोनों देशों के राजनयिक रिश्ते कटु हो गये हैं जिसे सुधारे जाने की आवश्यकता है क्योंकि वहां रहने वाले हिन्दुओं को कनाडा छोड़ने की धमकियां भी मिलने लग गई हैं। हिन्दुओं को यह भी लगता है कि कनाडाई सरकार का झुकाव सिखों की तरफ ज्यादा है। भारत और कनाडा के बीच 8.16 अरब डॉलर का व्यापार होता है। बड़ी संख्या में भारतीय मूल के परिवार वहां बसे हुए हैं। वर्ष 1900 के आसपास से बड़ी संख्या में लोगों का भारत से वहां जाकर बसना प्रारम्भ हुआ था। ज्यादातर लोग पंजाब प्रांत से गये थे और ब्रिटिश सैनिकों के तौर पर उनका जाना हुआ था। बाद के वर्षों में जब कनाडा शिक्षा का एक बेहतरीन हब बना तथा वहां रहन–सहन का स्तर बेहतरीन होने पर लोगों ने पहले तो वहां शिक्षा पाई और बाद में वे वहीं बस गये। 2021 की जनसंख्या के मुताबिक कनाडा में 7.70 लाख सिख और 8.28 लाख हिन्दू हैं जो कुल आबादी का क्रमशरू 2.0 एवं 2.3 फीसदी है। सिख बड़े व्यवसायी एवं खेतों के मालिक हैं तो वहीं हिन्दू ज्यादातर नौकरीपेशा हैं। आज भी पंजाब से जाने वालों का वह उच्च वरीयता वाला देश है, चाहे वे हिंदू हों या सिख। कनाडा में दोनों समुदायों के सम्बन्ध बनते–बिगड़ते रहे हैं। भारतीयों की यहां की राजनीति में अच्छी भागीदारी है और भारतीय मूल के कई लोग सरकार में मंत्री रहे हैं, जिनमें सिख काफी हैं। 1980 के दशक में भारत के खालिस्तानी आंदोलन को कनाडा के सिखों द्वारा मदद करने की बात सामने आती रहती थी। वहां के कई अलगाववादी सिख नेता इस आंदोलन को निर्देशित भी करते थे। कहा तो यहां तक जाता है कि भारत में अब यह आंदोलन चाहे समाप्त हो गया हो परन्तु कनाडा से इसकी सुगबुगाहटें अक्सर सुनाई दे जाती हैं। पिछले दिनों ब्रिटिश कोलम्बिया राज्य में एक गुरुद्वारे के बाहर कुछ नकाबपोशों ने अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी जिस पर बयान देते हुए कनाडाई पीएम ने इसमें भारत सरकार की संलिप्तता बतलाकर मामले को गरमा दिया। एक दूसरे के राजनयिकों के निष्कासन ने स्थिति को और भी बिगाड़ दिया है। बात यहीं तक नहीं रुकी। एक अन्य खालिस्तानी चरमपंथी गुरुपतवंत सिंह पन्नू का ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे हिन्दुओं को कनाडा छोड़ देने की चेतावनी देते हुए देखा गया है। पन्नू ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि निज्जर के मारे जाने पर हिन्दुओं ने जश्न मनाया था। पन्नू का हिन्दुओं पर आरोप था कि वे न केवल भारत सरकार का समर्थन करते हैं बल्कि कनाडा में रहने वाले खालिस्तानियों की अभिव्यक्ति के अधिकार को कुचलने का पक्ष भी लेते हैं। इस वीडियो से वहां के हिन्दुओं में दहशत का माहौल है। हिन्दुओं का मानना है कि जस्टिन ट्रूडो के बयान से खालिस्तानी समर्थकों का हौसला बढ़ा है। एक हिन्दू संगठन के विजय जैन के अनुसार श्इस माहौल में हिन्दुओं के जीवन को खतरा है। वे कहते हैं कि ट्रूडो के रुख से खालिस्तानियों के हौसले बढ़ गये हैं। साफ है कि कनाडा में जो कुछ हो रहा है उससे अगर दोनों समुदायों के बीच तनाव और बढ़ता है तो इसका असर भारत पर भी पड़ेगा।च यह सच है कि भारत ने बड़ा नुकसान उठाकर और पीड़ा सहकर खालिस्तान आंदोलन से निजात पाई है। इसके कारण देश को अपनी एक प्रधानमंत्री को तक गंवाना पड़ा है। देश इस आंदोलन के नये आघात सह नहीं पायेगा। बहुत से छात्र–छात्राएं हैं जो कनाडा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अगर वहां का सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ता है तो इसका बड़ा खामियाजा दोनों पक्षों को भुगतना पड़ सकता है। भारत सरकार को इस दिशा में तत्काल पहल करनी चाहिये क्योंकि हिन्दू हों या सिख, दोनों ही समुदायों में भारत के अपने लोग हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई बड़े पैमाने पर कनाडा में खालिस्तानियों को आर्थिक मदद दे रही है और वह इस बात की कोशिश कर रही है कि खालिस्तान आंदोलन फिर से उभरे।

# परिवर्तन नवलकथा भाग 2

**लेखिका: पिनल नागर पाटन/गुजरात**



शिव अभी भी उसकी यादो मे कैद था।शिव को कॉलेज का वो पहला दिन याद आता हें।ड्ब उसने पहली बार उमा को देखा था।फर्स्ट ईयर क्लास का वो पहला लेक्चर था।मिस्टर त्रिवेदी सबको अपना परिचय देने के लिए कह रहे थे।बारी बारी करके सब अपना परिचय देने लगे थे।सर सबसे परिचय के आगे वो अपने जीवनमे आगे क्या करना चाहते थे वो पूछते थे और सब अपनी महत्वकांक्षा जाहिर कर रहे थे। उमा ऱ्मेरा नाम उमा चतुर्वेदी, मे अहमदाबाद से हु और मे पापा के बिजनेस को आगे ले जाना चाहती हु। परिचय उमा दे रही थी पर ध्यान सबका बटा हुआ था।सिर्फ लड़के ही नहीं लड़किया भी उसे ही देख रही थी। पिंक चिकनकारी कुर्ती और ब्लु जींस, कमर तक लहराते बाल, कोमल की पंखुड़ी जेसे होंठ, कथई आंखे जिसमे ढेर सारे सपने और माथे पर छोटी काली बिंदी ÷वो बिंदी भी जेसे उसकी नड़र उतार रही हो वैसे ही लगी थी। शिव बस उसे ही देख रहा था तभी सुमित उसे धक्का मारते कहता हें सोचना भी मत भाभी हें वो तेरी शिव हल्का सा मुस्कुरा देता हें और कहताह्ल हें। **शिव का साथ उमा ही देगी देख लेना**–और दोनों दोस्त हसने लगते हें।सुमित एक बड़े घर का बेटा था। उसके पिता किशोरजी एक जानेमने व्यपारी थे वही दूसरी और शिव एक साधारण से घर से आता था।शिव के पिता किशोरजी के वहां काम करते थे।बस तभी से सुमित और शिव की दोस्ती शुरू हुई थी।दोनों एकदूजे पे जान छिड़कते थे।कभी कोई भी मनमुटाव नहीं होता था। दो सगे भाई की तरह वो दोनों रहते थे। शिव हर दिन उमा को देखता पर कभी बात करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।एक तो उसके घर की स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी की वो पड़ने के सिवा कुछ और सोच सके, और दूसरी तरफ सुमित और उमा के बिच दोस्ती बड़ रही थी।सुमित के पापा और उमा के पापा के बिच फ्रेंडली रिलेशन थे।करीबन पांच या छ साल से वो एक दूसरे को जानते थे। शिव को साहित्य के प्रति प्रेम ज्यादा था।वो हमेशा सोचता था की वो एक उमदा लेखक बनेगा और बनेगा भी क्यों नहीं, हर सब्जेक्ट के सर का वो फेवरिट स्टूडेंन्ट रहा था।एक बार तो राठौड़ सर ने कहा भी था ये लेखक बनने की बात रहने दो बेटा।तुम डिस्ट्रिक्शन ला रहे हो अच्छी सी जॉब लेना तो भविष्य सुधर जायेगा। लेकिन नियति सबसे अलग ही दावपेच खेलती हें। वही उमा भी शिव को सिर्फ एक होनहार स्टूडन्ट की तरह ही जज करती थी। बस युही उनका फस्ट एन्ड हाफ हियर फिनिश हो गया।सुमित को आर्मी लाइफ बहुत पसंद थी वो हमेशा कहता की मेरा तो फिक्स हें मे आर्मी ही जॉइंट करूंगा। तभी सब हस देते और कहते के एक व्यपारी का बेटा आर्मी जॉइंट करेगा और जोरसे हसने लगते हें तभी शिव कहता हें क्यू नहीं कर सकता आर्मी जॉइंट, अगर इरादे मजबुत हो तो नियति को भी जुकना पड़ता हें और ये फक्र की बात हें। तभी उमा आवाज लगाती हें, और कहती हें पहले दिन रात महेनत करो, काबिल बनो फिर सुमित कुछ बोलना। पता नहीं फिटनेस तो कोसो दूर हें सरजी की और इनको आर्मी जॉइंट करनी हें, इतना कहकर जोर जोर से वो हसने लगी।उसके साथ सभी हसने लगते हें। शिव एक नड़र सुमित की ओर देखते हुए कुछ कहने वाला था, की सुमित उसका हाथ पकड़ लेता हें। तभी उमा घड़ी की ओर देखते हुए ये क्या लास्ट पीरियड का टाइम भी हो गया, ओर वो क्लास की तरफ भागती हें।तभी मयंक कहता हें इसका नाम उमा किसने रख दियाड़ इतनी क्यूट हे और भी तो नाम रख सकते थे। तभी सुमित कहता हे अंकल ने उमा नामअपनी पत्नी के नाम पर से रखा हे, क्यूंकि वो अपनी पत्नी से बेहद प्यार करते थे जो अब इस दुनिया मे नहीं हे। तभी शिव सोचता हे,भगवान हर किसीको सब कुछ क्यु नहीं देता, कहीं ना कही कुछ अधुरा सा ही रहता है।तभी उसे माँ की कही हुई बात याद आती हे की। अगर ईश्वर तुम्हे सब कुछ दे तो फिर इंसान इतना स्वार्थी हे की ईश्वर को याद ना करे और दूसरी बात के जीने के लिए कुछ वजह भी तो मिलनी चाहिए। शिव सुमित से कहता हे, इसको देखके लगता नहीं की माँ नहीं हे। तभी सुमित कहता हे यार अंकल उसको हथेली पे रखते हे।चल ये सब छोड़ और पापा के पास चल उन्होंने कुछ ऑर्डर दिये थे, वो ही लेने चलना हे।शिव हा मे सर हिलाकर कदम मिला देता हे। रात का समय था।शिव पड़ाई करने के लिए बैठा ही था की, उमा का चहरा सामने आ जाते हे,और वो गुनगुनाने लगता हे, मैंने कभी जादू मे भरोसा नहीं किया था ए मेरे हमनवाब पर एक नड़र तुम्हे क्या देखा कोई जादू सा होने लगा, और वो हसने लगा, तभी माँजी आती हे और कान मरोड़कर कहती हे वाह बेटा माँ की तारीफ के लिए एक शब्द नहीं निकलता और किसी को देखके जादू होने लगा हम्म। तभी शिव कहता हे छोड़ो माँ दर्द हो रहा हे।तभी अनुराधाजी कहती ओह अभी जादू उतर गया बेटा।तभी फोन की रिंग बजती हे, उधर सुमित हेलो आंटी शिव है। माजी हा बेटा पड़ाई कर रहा हे।तभी शिव आता हे।सुमित शिव से सुन यार कल से एग्जाम शुरू होने वाले हे और बाद मे छोटा सा वेकेशन होगा तो क्यु ना घूमने का प्लान बनाएड़ तभी शिव कहता हे सोच के बताता हु कहकर ड़ोन कट करता हे।शिव घर के हालातो को अच्छे से जानता था इस लिए वो जल्दी से कोई फैसला नहीं ले सकता था। तभी माँ जी अरे बेटा खिड़की तो बंद कर देख बारिश का पानी आ रहा हे और अब जल्दी से खाने के लिए आजा। तभी शिव भूतकाल से बाहर निकलकर वर्तमान स्थिति मे आता हे।वो अभी भी यही सोच रहा था की वो वही उमा थी और थी भी तो इतना परिवर्तन क्यु और कैसे तभी वो कुछ मनमे सोचते हुए कल चाय वाले काका के बात करनी ही होंगी।

# अंबादत्त भारतीय जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में सीहोर का नाम देश-दुनिया में रोशन किया : पंडित प्रदीप मिश्रा

## सीवन नदी का नाम शिवना एवं सीहोर के खजांची लाइन मार्ग का नाम अंबादत्त भारतीय मार्ग रखा जाएगा : प्रिंस राठौर, सीहोर में आयोजित हुआ स्व. अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह






सीहोर। स्वर्गीय अंबादत्त भारतीय पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐसा नाम थे, जिन्होंने देश-दुनिया में सीहोर सहित प्रदेश का नाम भी रोशन किया। वे अपने दौर की पत्रकारिता के ऐसे स्तंभ थे जो अपने आप में एक पूरा मीडिया संस्थान हुआ करते थे। उन्होंने पत्रकारिता को एक नई दिशा प्रदान की थी। ये बातें अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कही। वे सीहोर के रुक्मिणी गार्डन में आयोजित स्व. अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। इस दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा सहित समारोह की अध्यक्षता कर रहे मुंबई के प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता, निर्देशक एवं स्क्रिप्ट राइटर मोहन आज़ाद, विशेष अतिथियों में वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय, विधायक सुदेश राय, नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पालीवाल अस्पताल भोपाल के संचालक डॉ. जयप्रकाश पालीवाल, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. बलबीर तोमर द्वारा भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार और मध्यप्रदेश गान के रचयिता महेश श्रीवास्तव को राष्ट्र स्तरीय, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद शीले को राज्य स्तरीय और सीहोर के पत्रकार मनोज दीक्षित मामा को जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित भी किया। श्री महेश



श्रीवास्तव का सम्मान भारतीय जी के भतीजे राहुल द्विवेदी ने ग्रहण किया। सभी सम्मानित पत्रकारों को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह तथा सम्मान राशि भी भेंट की गई। इससे पहले सभी अतिथियों ने मां सरस्वती तथा स्व. भारतीय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इसके बाद अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान के अध्यक्ष रघुवर दयाल गोहिया ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा बताते हुए स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि नगर की जीवन रेखा सीवन नदी का गौरवशाली इतिहास और महत्व है। जैसे सीहोर कभी सिद्धपुर था वैसे ही सीवन का नाम भी शिवना रहा है। यदि भागवत भूषण अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक और कुबेरेश्वर धाम के संस्थापक पंडित प्रदीप मिश्रा की कृपा दृष्टि हो जाए तो शिवना नदी अपना प्राचीन वैभव प्राप्त कर सकती है। सीवन नदी का नाम शिवना एवं सीहोर के खजांची लाइन मार्ग का नाम अंबादत्त भारतीय मार्ग रखा जाएगा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि लंबे समय से मांग की जा रही थी कि सीहोर की जीवनदायनी सीवन नदी का नाम परिवर्तन किया जाए। इसको लेकर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी ने भी ध्यान आकर्षित कराया था कि सीवन नदी का नाम बदला जाना चाहिए। इसको लेकर एक ऑनलाइन सर्वे भी कराया गया है। इस संबंध में परिषद में प्रस्ताव लाकर सीवन नदी का नाम शिवना नदी करने एवं सीहोर के खजांची लाइन मार्ग का नाम स्वर्गीय अंबादत्त भारतीय मार्ग करने का प्रस्ताव भी परिषद में लाकर इनका नाम बदल जाएगा। इस दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा तथा ड़िल्म मेकर मोहन आड़ाद का सम्मान भी किया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन रघुवर गोहिया तथा प्रदीप चौहान द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भोपाल, विदिशा, शाजापुर, देवास सहित जिलेभर के पत्रकार साथी उपस्थित रहे।



## पुलिस द्वारा जिले में नाईट कोम्बिंग गस्त में की गई कार्यवाही

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के नेतृत्व में भिण्ड जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों द्वारा थाने के बल के साथ दिनांक 23 - 24 सितंबर 23 की दरम्यानी रात कोम्बिंग गस्त का अभियान चलाया गया, जिसमें गुन्डा बदमाशो की धरपकड, अवैध गतिविधियो की तलाश, अपराध में फरार आरोपियों की तलाश, स्थायी वारण्टी की तलाश, सम्पत्ति सम्बन्धी आरोपियों पर कार्यवाही की गयी जो निम्नप्रकार है ।

**कार्यवाही का विवरण** –65 जमानती वारण्ट तामील, 56 समंस वारण्ट तामील, 51 गिरफ्तारी वारण्ट तामील,30 स्थायी वारण्ट तामील, 65 हिस्टीशीटर बदमाश चैक ,79 गुण्डा चैक, 64 एटीएम चैक, 11 अवकारी एक्ट कार्यवाही (जिसमें 150 लीटर शराब कीमती-36250 रुपये), 01 व्यक्ति अवैध हथियार के साथ मिला जिस पर आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गयी, 174 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही । उक्त कार्यवाही मे समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने बल के साथ उपस्थित होकर सराहनीय कार्यवाही की गयी।

## कुरना आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण मेला का हुआ आयोजन

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**नरेश कुमार सीरवी पाली राजस्थान**



पाली राजस्थान।पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुरना के आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार मेला कार्यक्रम हुआ आयोजित। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण मेल को लेकर जानकारी दी गई। इस मौके पर सी एच ए पांचा राम ए एन एम शिवानी मैडम कार्यकर्ता आंगनवाड़ी केंद्र कुरना प्रथम एवं द्वितीय और बालाग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम एवं द्वितीय के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्मिक मंजू देवी। शोभा कवर। प्यारी देवी कवर सरोज कर आशा। मीरा पुष्पा सुथार गीता तारा मीणा सहायिका। कंचन सुखी देवी एवं गर्भवती महिलाएं एवं अन्य महिलाओं सहित आंगनवाड़ी के छोटे बच्चे मौके पर रहे मौजूद।



## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवीन शिलान्यास एवं कार्यकर्ता सम्मेलन जयपुर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची गोगा देवी नायक

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

गंगानगर राजस्थान। रायसिंहनगर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवीन भवन के शिलान्यास वह कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे जहां उन्होंने नवीन पीसीसी कार्यालय का शिलान्यास किया और कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे जहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वह पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा उनका भविष्य स्वागत किया गया जहां राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को सम्मेलन करते हुए कहा राजस्थान में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनानी है और केंद्र में बैठी भाजपा सरकार को भी 2024 में भगाना है वही इस मौके पर खड़गे ने कहा की अब वह दिन दूर नहीं की लोग भाजपा से उब गए हैं और भाजपा की जड़े उखाड़ने में देर नहीं लाएंगे इस मौके पर रायसिंहनगर से महिला कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक के द्वारा भी सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ जयपुर पहुंची और कार्यक्रम में भाग लिया।

## थाना पुलिस की कार्रवाही 02 आरोपियों से 45 पेटी शराब मय कार के पकड़ी कुल कीमत 05 लाख रुपये का जप्त कर की कार्यवाही

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मुरैना शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा अवैध शराब - मादक पदार्थों



के परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने, अवैध हथियार निर्माताओ एवं तस्करों, ईनामी-फरारी बदमाशों, स्थायी वारंटियों की धरपकड़ हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुरैना डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं एसडीओपी अम्बाह रवि सिंह भदौरिया के कुशल मार्गदर्शन में निरी. अमित भदौरिया थाना प्रभारी अम्बाह द्वारा कस्बा भ्रमण आज दिनांक 24.09.23 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर करौली माता मंदिर रोड़ बिजली घर के पास चैकिंग लगाई गई, दौराने चैकिंग सूचना अनुसार एक स्विफ्ट डिजायर कार को चैक किया गया, जिसमें 02 व्यक्ति 45 पेटी अवैध देशी शराब ले जा रहे थे, उक्त शराब के संबंध में उन दोनों व्यक्तियों से वैध लायसेंस चाहा गया, तो लायसेंस नही होना बताया, उपरोक्त आरोपियों का उक्त कृत्य के धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय होने से उक्त शराब को जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

**सराहनीय योगदान**–उक्त कार्यवाही में निरी. अमित भदौरिया थाना प्रभारी अम्बाह मय स्टाफ उनि जितेन्द्र शर्मा, आर. जोगेन्द्र भदौरिया, आर. सतेन्द्र गुर्जर, आर. नरेन्द्र मौर्य, आर. सीताराम, आर दीपक पचौरी, आर. पुष्पेन्द्र सिंह, आर. चालक मनीष सिरोठिया, आर. चालक धर्मेन्द्र परमार का सराहनीय योगदान रहा।

## विधानसभा निर्वाचन के लिए 192 सेक्टर अधिकारी नियुक्त

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं विधि सम्यक रूप से संपन्न कराने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले की सात विधानसभा क्षेत्र को 192 सेक्टरों में विभाजित कर प्रत्येक सेक्टर में एक-एक सेक्टर अधिकारी की नियुक्ति की है। साथ ही 20 अधिकारियों की ड्यूटी रिजर्व सेक्टर अधिकारी के रूप में लगाई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61-चित्रकूट में 30, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-62 रैगांव में 25, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-63 सतना में 25, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-64 नागौद में 28, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-65 मैहर में 28, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-66 अमरपाटन में 27 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-67 रामपुर बघेलान में 29 सेक्टर अधिकारी तैनात किये गये हैं। इसी प्रकार रिजर्व के रूप में विधानसभा चित्रकूट, सतना, नागौद, मैहर, अमरपाटन, रामपुर बघेलान में 3-3 एवं रैगांव विधानसभा में 2 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। नियुक्त किये गये सेक्टर अधिकारी अपने प्रभार क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर केन्द्र की भौतिक स्थिति, पहुंच मार्ग विद्युत व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं एवं मतदाता सुविधा की व्यवस्थाओं के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को रिपोर्ट करेंगे। सेक्टर अधिकारी मतदान संपन्न होने तक अपने प्रभार क्षेत्र का सतत बार-बार भ्रमण कर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयहीन वातावरण में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिये है कि मतदान दिवस के दिन अति संवेदनशील क्षेत्र की निरंतर जांच करेंगे और देखेंगे कि मतदाता मतदान कर रहें हैं या नहीं। मतदान को प्रभावित करने के संकेत मिलने पर इसकी जानकारी रिटर्निंग आफीसर एवं जिला प्रशासन को देना सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन के दौरान होने वाली घटना की जानकारी संबंधित सेक्टर अधिकारी एवं थाना प्रभारी के साथ-साथ जिला निर्वाचन कार्यालय के कन्ट्रोल रूम को देना भी जरूरी होगा।

## महिला बाल विकास ने जींगनी में आयोजित की स्वीप गतिविधियां



मुरैना। भारत निर्वाचन आयोग एवं कलेक्टर के निर्देशन मे आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिलेभर में अधिक से अधिक मतदान को लेकर मतदाता जागरूक कार्यक्रम स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम जींगनी में महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारियों ने स्वीप गतिविधियों के माध्यम से गांव के विभिन्न मतदान केंद्रों से जुड़े मतदाताओ को आगामी चुनाव में अधिक से अधिक मतदान मतदान करने के लिए जागरूक किया। ज्ञात हो कि म.प्र.में विधान सभा चुनावों को लेकर होने वाले निर्वाचन मे अधिक से अधिक मतदान के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है। कलेक्टर जिला मुरैना द्वारा संपूर्ण जिले मे होने वाली स्वीप गतिविधियों की सतत निगरानी की जा रही है। ऐसे मतदान केंद्र जहाँ पिछले चुनाव मे 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ, उन मतदान केंद्रो को चिंहित किया जाकर मतदान केंद्रों मे सम्मिलित बस्तियों मे भी विशेष रूप से मतदाता जागरुकता हेतु अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम मे ग्राम जींगनी में महिला बाल विकास विभाग की महिला कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के जोर देते हुए मतदाताओं से बिना किसी भय एवं दवाब के निर्भीक निष्पक्ष रूप से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक प्रतिमा मिश्रा, श्रीमती वंदना दंडोतिया, रितु गुप्ता, शीतल शर्मा, रितु शर्मा, ममता गुप्ता आदि कई लोग मौजूद थे।



## सोते समय दो मासूम भाई-बहनों की जहरीले सर्प द्वारा डसने से दर्दनाक मौत

**मुरैना।** जिले के पहाडड़ढ़ थाना क्षेत्र के मामचौन गांव में रविवार की देर रात घर में चारपाई पर सो रहे मासूम भाई बहनों को जहरीले सांप ने डस लिया, जिन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए परिजन ग्वालियर के लिए ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में दोनों बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। पहाड़गढ़ थाना पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के मुताबिक मामचौन गांव निवासी मनीष श्रीवास के। साल की बेटी रिया और 5 साल का बेटा दिव्यांश रात्रि के समय कमरे के अंदर चारपाई पर सो रहे थे, इसी बीच एक जहरीले सांप ने दोनों बच्चों को डंस लिया। बच्चों के चिल्लाने पर स्वजन इकट्ठा हो गए तो मौके पर सांप दिखाई दिया, तो उसे लाठियां से पीटकर मार दिया। वहीं बच्चों को स्थानीय अस्पताल लेकर आए और प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बच्चों को ग्वालियर लेकर दौड़े परंतु रास्ते में ही दोनों बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। एक साथ दोनों बच्चों की मौत के बाद स्वजन पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। बताया जाता है कि मृतक बच्चों का पिता हेयर सैलून की दुकान पर काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। पुलिस ने शवों को पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप कर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## रैगांव विधानसभा में सेवा पखवाड़ा में आयोजित किया गया नेत्र शिविर

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**

एक अद्वितीय पहल के तहत, श्रीमती रानी बागरी और प्रियंका रानी बागरी द्वारा निऱ्शुल्क नेत्र शिविर का 24 सितंबर को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कतकोन शासकीय विद्यालय में भाजपा नेत्री रानी बागरी जी द्वारा किया जिसमें सद्गुरु सेवा नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। इस नेत्र शिविर में लगभग 250 मरीजों का निरिक्षण किया गया और 28 मरीजों को आवश्यक ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया। यह आयोजन ग्रामीणों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण था, जिसने न केवल उनके नेत्र स्वास्थ्य को सुधारा, बल्कि उनके जीवन में नई किरनें भी फैलाई। इसके अलावा, पूर्व में इनके



द्वारा ऐसे एक दर्जन से ड़्यादा निःशुल्क नेत्र शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिनसे हजारों लोगों को लाभ मिला है।

इस उपलब्धि के पीछे, श्रीमती रानी बागरी और प्रियंका रानी बागरी ने अपने निस्वार्थ सहयोग के लिए सरपंच महोदय बुलबुल भैया, सजन सिंह जी, कुट्टू सिंह, ओम प्रकाश सिंह, कमल किशोर तिवारी, दिलीप द्विवेदी,अंबुज सिंह, अज्जू भैया, रमेश कुशवाहा, सुभाष बागरी, एवं समस्त कतकोन ग्राम वासियों का ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा स्थानीय लोगो की टीम न केवल चिकित्सकों के साथ काम किया, बल्कि ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य और तकनीकी सहायता पहुंचाने के लिए एक माध्यम के रूप में भी कार्य किया। इस प्रकार, निऱ्शुल्क नेत्र शिविर ने ग्रामीण समुदाय के लोगों के जीवन में नयी उम्मीदें और स्वस्थ्य जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

## वीजा में देरी के कारण पाकिस्तान ने विश्व कप से पहले दुबई यात्रा रद्द की

नई दिल्ली। विश्व कप से पहले पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की दुबई यात्रा की योजना रद्द कर दी गई है क्योंकि टीम भी भारत की यात्रा के लिए वीजा का इंतजार कर रही थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, पाकिस्तानी टीम को अगले सप्ताह की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात के लिए उड़ान भरनी थी और 29 सितंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले अभ्यास मैच से पहले हैदराबाद के लिए उड़ान भरने से पहले कुछ दिनों तक दुबई में रुकना था। पाकिस्तान अब अगले बुधवार की शुरुआत में लाहौर से दुबई के लिए उड़ान भरने और वहां से हैदराबाद के लिए उड़ान भरने की योजना बना रहा है। हालांकि एक अधिकारी ने कहा कि स्थिति चिंताजनक है, लेकिन उम्मीद है कि पाकिस्तान यात्रा के लिए वीजा समय पर पहुंच जाएंगे। समझा जाता है कि वीजा के लिए आवेदन एक सप्ताह पहले किया गया है।

बता दें कि गुजरात पुलिस द्वारा कथित तौर पर बीसीसीआई को सूचित किए जाने के बाद इस टूर्नामेंट के शेड्यूल में भी बदलाव किया गया था, वे 15 अक्टूबर की मूल तारीख को अहमदाबाद में भारत-पाकिस्तान मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान नहीं कर सके, क्योंकि यह हिंदू धार्मिक त्योहार नवरात्रि के पहले दिन से टकरा रहा था। उस खेल को एक दिन पहले के लिए पुनर्निर्धारित किया गया था, जिससे आठ अन्य मैचों के कार्यक्रम में बदलाव हुआ।

## वनडे विश्व कप विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ मिलेंगे 4 मिलियन अमेरिकी डॉलर

नई दिल्ली। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के 13वें संस्करण के विजेता को ट्रॉफी के साथ-साथ 4 मिलियन अमेरिकी डॉलर पुरस्कार स्वरूप दिये जाएंगे। उपविजेता को 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जबकि हारने वाले सेमीफाइनलिस्ट को कुल 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर के पुरस्कार में से प्रत्येक को 800,000 डॉलर मिलेंगे। 48 मैचों का यह आयोजन भारत की मेजबानी में 5 अक्टूबर से 10 स्थानों पर खेला जाएगा। अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट विश्व कप में जीते गए प्रत्येक लीग मैच के लिए पुरस्कार दिए जाएंगे। टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक बार एक-दूसरे से खेलेंगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।ग्रुप चरण में प्रत्येक मैच के विजेताओं को 40,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं करने वाली छह टीमों को 100,000 अमेरिकी डॉलर का भुगतान मिलेगा।




## रफ्तार और रोमांच के इवेंट का हुआ आगाज, फाइनल रेस के साक्षी बन सकते हैं मुख्यमंत्री योगी

ग्रेटर नोएडा। रफ्तार और रोमांच के दीवानों का मनपसंद इवेंट मोटो जीपी का उत्तर प्रदेश के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर आगाज हो गया। 22 से 24 सितम्बर तक चलने वाले इस पहले मोटो जीपी भारत के तहत शुक्रवार को मोटो-3, मोटो-2 और मोटो जीपी के प्रैक्टिस सेशन की शुरुआत हुई। मुख्य रेस और उसके पहले क्वालीफाइंग रेस रविवार 24 सितम्बर को आयोजित होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस फाइनल इवेंट के साक्षी बन सकते हैं। मोटो जीपी के लिए भारत आए 275 ब्रांड्स और कंपनियों के टॉप सीईओज के साथ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में बिजनेस कॉन्क्लेव में हिस्सा लेने के बाद मुख्यमंत्री रफ्तार से भरे इस रोमांचक इवेंट को निहार सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी 24 सितम्बर को मोटो जीपी से जुड़े बड़े ब्रांड्स और कंपनियों के सीईओ और अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इन्वेस्ट यूपी के कॉन्क्लेव हॉल में होने वाली इस मीटिंग में मुख्यमंत्री योगी मुख्य वक्ता होंगे। वह विदेशी मेहमानों को उत्तर प्रदेश के बढ़ते कद, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, उद्योगों के लिए सुरक्षित माहौल और सरकार की उदार नीतियों से परिचित कराएंगे। इस दौरान उत्तर प्रदेश की समृद्ध छवि पर एक इंट्रोडक्ट्री मूवी भी दिखाई जाएगी। योगी के साथ ही प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर मनोज कुमार सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मोटो जीपी के सीईओ और सीसीओ भी संबोधन करेंगे। इस मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री योगी कुछ देर के लिए रेस को भी देखेंगे। इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां किसी न किसी रूप में भाग ले रही हैं।

# 4 बल्लेबाजों की फिफ्टी, टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया से पहला वनडे 5 विकेट से जीता

हांगझू। टीम इंडिया ने मोहाली के मैदान पर क्रिकेट विश्व कप 2023 से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच को 5 विकेट से जीत लिया है। टीम इंडिया में विराट कोहली, रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या नहीं खेल रहे थे लेकिन इसके बावजूद भारतीय क्रिकेटरों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले ऑस्ट्रेलिया को 276 रन पर रोक दिया। उसके बाद शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों के कारण 5 विकेट से जीत हासिल कर ली। सीरीज का अगला मुकाबला 24 सितंबर को इंदौर के होलकर स्टेडियम में होगा। ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए सधी हुई शुरूआत की थी। मिचेल मार्श के 4 रन पर आऊट होने के बाद डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ ने पारी को आगे बढ़ाया और 98 तक ले गए। वार्नर ने जहां 53 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए तो वहीं, स्मिथ ने 60 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाए। इसके बाद मार्नेस





लबुछेन ने 39 तो कैमरून ग्रीन ने 31 रन बनाकर स्कोर 200 के पास ले गए। मध्यक्रम में विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश ने 45 गेंदों पर 45, मार्कोस स्टोइनिस ने 21 गेंदों पर 29 तो कप्तान पैट कमिंस ने 9 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाकर स्कोर 276 पर ला खड़ा किया। टीम इंडिया की ओर से मोहम्मद शमी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 10 ओवरों मे 51 रन देते हुए 5 विकेट लीं। इसके अलावा बुमराह, अश्विन और जडेजा भी 1-1 विकेट निकालने में सफल रहे। जवाब में खेलने उतरी टीम इंडिया को जोरदार शुरूआत मिली। ओपनिंग पर आए ऋतुराज गायकवाड़ और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 142 रन जोड़े। गायकवाड़ ने 77 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 71 रन बनाए। इसके बाद भारतीय टीम ने 9 रन के अंदर ही तीन विकेट गंवा लिए। श्रेयस अय्यर 3 तो शुभमन गिल ने 74 रनों का योगदान दिया। इसके बाद केएल राहुल और सूर्यकुमार ने पारी को संभाला और टीम को जीत तक ले गए। केएल राहुल ने जहां 58 रन बनाए तो वहीं, सूर्यकुमार ने 50 रनों का योगदान दिया।

दोनों टीमों की प्लेइंग 11

भारत : शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर/कप्तान), इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी।

ऑस्ट्रेलिया : डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, स्टीवन स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, जोश इंगलिस (डब्ल्यू), मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू शॉर्ट, पैट कमिंस (सी), सीन एबॉट, एडम जम्पा।

## एशियाई खेल : भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने ताजिकिस्तान को 3-0 से हराया



हांगझू। भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने एशियाई खेलों में अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए शनिवार को पूल एफ मुकाबले में ताजिकिस्तान को 3-0 से हराया। भारतीय टीम की यह लगातार तीसरी जीत थी। भारत ने इससे पहले यमन को 3-0 और फिर सिंगापुर को 3-1 से हराया। इससे पहले महिला टीम ने भी आज बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नेपाल को 3-0 से हराया था।

मैच का पहला मुकाबला भारत के मानव विकास ठक्कर और ताजिकिस्तान के अफजलखोन महमूदोव के बीच खेला गया। मानव ने यह मुकाबला सीधे गेम में 3-0 (11-8, 11-5, 11-8) से जीता और भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी।

इसके बाद दिन का दूसरा मुकाबला भारत के मानुष उत्पलभाई शाह और उबैदुल्ला सुलतोनोव के बीच खेला गया। मानुष ने दूसरे मैच में सीधे गेम में जीत हासिल कर भारत की जीत पक्की कर दी। उन्होंने मुकाबला 3-0 (13-11, 11-7, 11-5) से जीता। दिन का तीसरा मैच भारतीय खिलाड़ी हरमीत राजुल देसाई और इब्रोखिम इस्मोइलज़ोडा के बीच खेला गया। हरमीत ने यह मुकाबला 3-0 (11-1, 11-3, 11-5) से जीतकर भारत को 3-0 से जीत दिला दी।

## अजीत अगरकर का भी रिकॉर्ड तोड़ गए मोहम्मद शमी, कही यह बात

मोहाली। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने मोहाली के मैदान पर 5 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 300 से पार जाने से रोक दिया। सपाट पिच पर शमी ने धारधार गेंदबाजी की और नियमित अंतराल पर विकेट निकाले। महज 93 मैचों में ही अब मोहम्मद शमी के नाम पर 169 विकेट हो गए हैं। यही नहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में अजित अगरकर का रिकॉर्ड तोड़ गए हैं। शमी ने अब तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 मैचों में 37 विकेट निकाली हैं। अगरकर के नाम 36 विकेट का रिकॉर्ड है। देखें आंकड़े-

ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक विकेट (वनडे)

45 - कपिल देव
37 - मोहम्मद शमी
36 - अजित अगरकर
33 - जवागल श्रीनाथ
32 - हरभजन सिंह



मोहम्मद शमी ने 5 विकेट लेने के बाद कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं। मैंने सिराज की कंपनी का भरपूर आनंद लिया। आज सही क्षेत्र में गेंदबाजी करना और टोन सेट करना महत्वपूर्ण था। आज बहुत गर्मी थी। विकेट से ज्यादा कुछ नहीं मिल रहा था इसलिए एकमात्र विकल्प अच्छी लेंथ से गेंदबाजी करना और अपनी विविधताओं को मिलाना था। जब आप प्रयास करते हैं और विकेट हासिल करते हैं तो अच्छा लगता है, यह टीम और आपके आत्मविश्वास के लिए अच्छा है।

मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 276 रन बनाए। डेविड वार्नर (51), जोश इंगलिस (45) और स्टीव स्मिथ (41) ने सबसे ज्यादा रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 5 विकेट हासिल किए जबकि बुमराह, अश्विन और जडेजा को एक-एक विकेट मिला।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**ऑस्ट्रेलिया** : डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, स्टीवन स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू शॉर्ट, पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, एडम जम्पा।

भारत :शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर/कप्तान), इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी।

## मुख्य चयनकर्ता इंजमाम-उल-हक को दृढ़ विश्वास व्यक्त, 'यह टीम पाकिस्तान में विश्व कप ला सकती है'

लाहौर। पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता इंजमाम-उल-हक ने टीम की घोषणा के बाद दृढ़ विश्वास व्यक्त किया है कि पाकिस्तान टीम विश्व कप ट्रॉफी देश में वापस लाएगी। मेन इन ग्रीन 6 अक्टूबर को भारत के हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

इंजमाम ने अच्छा प्रदर्शन करने और 1992 के बाद पहली बार ट्रॉफी वापस लाने के लिए पाकिस्तान टीम का समर्थन किया। उन्होंने कहा 'मुझे पूरा विश्वास है कि यह टीम पाकिस्तान में विश्व कप ट्रॉफी ला सकती है और अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन से पूरे देश को गौरवान्वित कर सकती है।' इंजमाम ने कहा, 'अब समय आ गया है कि हम अपनी टीम का समर्थन करें और उन्हें वह समर्थन प्रदान करें जिसकी उन्हें जरूरत है। विश्व कप किसी भी क्रिकेटर के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण घटना है और मैं सभी को बधाई देना चाहता हूं।' इंजमाम ने कहा, %ऐसे क्रिकेटर जिन्होंने अपने प्रभावशाली प्रदर्शन से टीम में जगह बनाई है। इस टीम ने पिछले कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है और यही कारण है कि हमने उसी समूह पर भरोसा दिखाया है।' दूसरा क्रिकेट विश्व कप खिताब, लेकिन अब प्रतिभाशाली स्पीडस्टर की सेवाओं के बिना टूर्नामेंट में उतरेंगे। नसीम के स्थान पर हसन अली को टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने टीम में किए गए बदलावों के बारे में बात की और साथ ही घायल हारिस रऊफ के बारे में भी जानकारी दी, जो अभी भी आगामी टूर्नामेंट में पाकिस्तान के लिए खेलने की दौड़ में बने हुए हैं। नसीम शाह की दुर्भाग्यपूर्ण चोट के कारण हमें एक बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हाल के एशिया कप में हमें कुछ चोटों का डर था, लेकिन



मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सभी खिलाड़ी पूरी तरह से फिट हैं और अपने देश के लिए प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। इंजमाम ने कहा, 'यह बेहद महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। मुझे हारिस रऊफ के बारे में हमारे मेडिकल पैनल से उत्साहजनक रिपोर्ट मिली है। उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में (शैडो) गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है और चयन के लिए उपलब्ध होंगे।'

आगामी विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम : बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमान, इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ , हसन अली, शाहीन अफरीदी और मोहम्मद वसीम।

## भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम की लगातार दूसरी जीत, नेपाल को 3-0 से हराया

डबलिन। आयरलैंड ने स्पेन में स्कॉटलैंड के खिलाफ 17 से 24 अक्टूबर तक खेले जाने वाले सफेद गेंद श्रृंखला के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की महिला क्रिकेट टीम की घोषणा की है। श्रृंखला में तीन एकदिवसीय मैच शामिल हैं, जिसके बाद दो टी20 होंगे। 2022 में आधिकारिक वनडे दर्जा प्राप्त करने के बाद स्कॉटलैंड के लिए वनडे प्रारूप में पहला मैच होगा।

सभी मैच स्पेन के डेजर्ट स्प्रिंग्स में होंगे, जिसमें वनडे मैच 17,19 और 21 अक्टूबर को शुरू होंगे, जबकि दो टी20 मैच 23 और 24 अक्टूबर को खेले जाएंगे। आयरलैंड महिला टीम के मुख्य कोच एड जॉयस ने आईसीसी के हवाले से कहा हमारे पास दो दौरों और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक घरेलू श्रृंखला के साथ एक व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है, लेकिन जब तक हम स्कॉटलैंड श्रृंखला शुरू करेंगे तब तक हमारे आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच के दो महीने हो चुके होंगे। इसलिए, यह श्रृंखला निश्चित रूप से समय पर है क्योंकि हम 2024 की ओर बढ़ रहे हैं,- एक ऐसा वर्ष जिसमें एक टी20 विश्व कप है जिसके लिए हम स्पष्ट रूप से क्वालीफाई करना चाहते हैं।

जॉयस ने कहा, इस टीम की एक बड़ी विशेषता यह है कि युवा होने के बावजूद, इसमें अभी भी अनुभवी खिलाड़ियों का एक महत्वपूर्ण समूह है। टीम में कुछ उभरते हुए खिलाड़ी भी हैं, जिन्हें अपने ज्ञान और भ्रमण जीवन के अनुभव को बढ़ाने का मौका दिया जा रहा है।

**आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम इस प्रकार है:** लौरा डेलानी (कप्तान), एवा कैनिंग, अलाना डाल्ज़ेल, जॉर्जीना डेम्प्सी, एमी हंटर, अर्लीन केली, गैबी लुईस, लुईस लिटिल, जोआना लॉगरन, सोफी मैकमोहन, कारा मरे, लीह पॉल, ओर्ला प्रेंडरगैस्ट, फ्रेया सार्जेंट, रेबेका स्टोकेल।

## अंडर-19 विश्व कप 2024 का शेड्यूल जारी, भारत का पहला मुकाबला बांग्लादेश से

दुबई । आईसीसी ने अगले साल होने वाले अंडर-19 विश्व कप 2024 के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। पांच बार का विजेता और गत चैंपियन भारत अगले साल के अंडर-19 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। कुल 16 टीमों के साथ अंडर-19 विश्व कप 13 जनवरी से 4 फरवरी तक श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा जिसमें मेजबान टीम कोलंबो में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में जिम्बाब्वे से भिड़ेगी।

भारत टूर्नामेंट में सबसे सफल टीम है जिसने पांच मौकों पर ट्रॉफी जीती है। भारत ने 1999-00, 2007-08, 2012, 2017-18 और पिछले साल 2021-22 संस्करण के दौरान वेस्टइंडीज में खिताब जीता है। भारत को बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। 14



जनवरी को बांग्लादेश से भिड़ने के बाद भारत 18 जनवरी को अमेरिका और 20 जनवरी को आयरलैंड से भिड़ेगा।

आईसीसी ने कहा, 'टीमों को चार समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह में चार टीमें होंगी, प्रत्येक समूह से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में आगे बढ़ेंगी। ग्रुप चरण के मैच 13 से 21 जनवरी तक होंगे।? इसके अतिरिक्त प्रत्येक समूह में चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें अपने टूर्नामेंट के समापन से पहले चौथे स्थान पर रहने वाली टीम के खिलाफ एक और मैच में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ग्रुप चरण के समापन के बाद 12 टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी, जहां उन्हें छह-छह टीमों के दो समूहों में विभाजित किया जाएगा। ग्रुप ए और डी से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में एक ग्रुप बनाएंगी और इसी तरह ग्रुप बी और सी से शीर्ष तीन टीमें दूसरे ग्रुप का हिस्सा होंगी। प्रारंभिक समूह चरण में अपनी स्थिति के आधार पर प्रत्येक टीम सुपर सिक्स चरण में दूसरे समूह की दूसरी और तीसरी टीमों के खिलाफ दो मैच खेलेगी। आईसीसी ने प्रारूप समझाते हुए कहा, 'उदाहरण के लिए ग्रुप ए (ए1) में शीर्ष टीम ग्रुप डी (डी2 और डी3) में दूसरी और तीसरी टीमों के खिलाफ खेलेगी। ए2 डी1 और डी3 के खिलाफ खेलेगी।

## एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल करना भारतीय पुरुष हॉकी टीम का लक्ष्य

हांगझू। भारतीय पुरुष हॉकी टीम चीन के हांगझू में 19वें एशियाई खेलों में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल ही में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 जीतने के बाद, भारतीय टीम इस गति को आगे बढ़ाने और स्वर्ण पदक जीतकर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एशियाई खेलों में एक समृद्ध इतिहास है, भारतीय टीम ने अब तक इस प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक (1966, 1998, 2014), नौ रजत पदक ((1958, 1962, 1970, 1974, 1978, 1982, 1990, 1994, 2002), और तीन कांस्य पदक (1986, 2010, 2018) जीते हैं।इसलिए, भारतीय टीम का लक्ष्य अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना और स्वर्ण पदक के लिए हर संभव प्रयास करना होगा क्योंकि



इससे उन्हें 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए सीधी योग्यता हासिल करने में मदद मिलेगी।विशेष रूप से, भारत को 19वें एशियाई खेल हांगझू 2022 में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है और वे 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।पूल बी में कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इस बीच, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जिनकी निरंतरता और नेतृत्व ने भारत की हालिया सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगे का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान की बात है, और हम एशियाई खेलों में अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट से पहले, हम चुनौतीपूर्ण अभ्यास सत्र से गुजरे हैं, और प्रत्येक सदस्य शिविर पूरी तरह से केंद्रित और समर्पित है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है - स्वर्ण पदक जीतना और अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए सीधी योग्यता अर्जित करना।

## भारत क्रिकेट के सभी प्रारूपों में शीर्ष पर, यह उपलब्धि हासिल करने वाला बना केवल दूसरा देश

नई दिल्ली। घरेलू मैदान पर होने वाले विश्व कप से पहले भारत वनडे में पाकिस्तान को पीछे छोड़कर नंबर 1 टीम बन गया है। परिणामस्वरूप, भारत अब सभी प्रारूपों में रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर है। भारतीय टीम टेस्ट और टी20 में पहले ही नंबर 1 पर काबिज है। इसके साथ ही भारतीय टीम तीनों प्रारुपों में शीर्ष पर रहने वाली क्रिकेट इतिहास में केवल दूसरी टीम बन गई है। इससे पहले अगस्त 2012 में दक्षिण अफ्रीका ने यह कारनामा किया था।

शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद भारत के 116 रेटिंग अंक हैं, जो पाकिस्तान से एक अंक आगे है। हालाँकि, यदि ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के शेष दो मैच जीत जाता है, तब भारतीय टीम तालिका में नीचे खिसक सकती है।

इस महीने के दौरान, भारत, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया शीर्ष स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा में थे। एशिया कप में खराब प्रदर्शन के बावजूद पाकिस्तान शीर्ष पर रहा। दक्षिण अफ्रीका से लगातार तीन एकदिवसीय मैच हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया की चुनौती खत्म हो



गई। फाइनल में श्रीलंका को भारी हार के बाद भारत ने अपना आठवां एशिया कप खिताब जीता और पैट कमिंस की टीम को आसानी से हराकर उस प्रदर्शन को बरकरार रखा। मोहम्मद शमी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ पांच विकेट लिया और भारतीय टीम के शीर्ष छह में से चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक बनाए। भारत के पास सभी प्रारूपों में नंबर 1 स्थान पर रहने वाले चार खिलाड़ी हैं, जिनमें सूर्यकुमार यादव टी20ई में नंबर 1 बल्लेबाज, मोहम्मद सिराज वनडे में नंबर 1 गेंदबाज , जबकि आर अश्विन और रवींद्र जडेजा टेस्ट में गेंदबाजी और ऑलराउंडर में शीर्ष पर हैं। भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्रमशः इंदौर और राजकोट में दो और एकदिवसीय मैच खेलने के लिए तैयार है। भारतीय टीम 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप में अपना अभियान शुरू करेगी। इससे पहले भारतीय टीम तीन विश्व कप अभ्यास मैच भी खेलेगी।



## Priyanka Chopra के ससुराल में कलह, बच्चों के लिए जेठानी

# सोफी टर्नर

## ने उठाया बड़ा कदम, पति पर ठोका मुकदमा

प्रियंका चोपड़ा के सुसराल में इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रहा है. उनके जेठ जो जोनस की पर्सनल लाइफ काफी सुर्खियां में है. दरअसल सिंगर ने अपनी अलग रह रही पत्नी सोफी टर्नर से तलाक की अनाउंसमेंट कर हर किसी को हैरान कर दिया है. उनकी शादी में दिक्कतों की खबरें काफी समय से मीडिया में छाई हुई थीं. हालांकि दोनों ने 6 सितंबर 2023 को अपने अलग होने की अनाउंसमेंट करके सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया. इन सब के बीच सोफी ने बड़ा कदम उठाते हुए अपने अलग हो चुके पति पर मुकदमा ठोक दिया है और अपनी बेटियों की वापसी की मांग की है.

**सोफी टर्नर ने अपने अलग हो चुके पति जो जोनास किया केस**

पीपल की एक रिपोर्ट के मुताबिक सोफी टर्नर ने अपने अलग हो चुके पति जो जोनास पर मुकदमा दायर किया है.रिपोर्ट के मुताबिक, गेम्स ऑफ थ्रोन्स एक्ट्रेस ने मैनहट्टन कोर्ट में मुकदमा दायर किया और अपनी बेटियों की इंग्लैंड वापसी की मांग की है. दायर मुकदमे में कहा गया है, पिता ने बच्चों की इंग्लैंड वापसी को रोक दिया है, जो अंग्रेजी कानून के तहत मां के संरक्षण के अधिकारों का उल्लंघन है, इंग्लैंड बच्चों का आदतन निवास स्थान है.



इसके अलावा, रिपोर्ट में दावा किया गया कि चूंकि सोफी अपनी अपकमिंग फिल्म, जोन की शूटिंग में बिजी थी, इसलिए वह और जो अपनी बेटियों को सिंगर के साथ टूर पर शामिल करने के लिए सहमत हो गए थे ये मेंशन करते हुए कि सिंगर के पास दिन में बेटियों के लिए ज्यादा टाइम होगा, रिपोर्ट में दावा किया गया कि एक्ट्रेस हालांकि बेटियों के लिए किए गए अरेंजमेंट से झिझक रही थी.

**सोफी का दावा है कि जो जोनस उनके बच्चों के पासपोर्ट वापस नहीं करेगा**

रिपोर्ट के मुताबिक, सोफी और जो आगे के अरेंजमेंट पर चर्चा करने के लिए 17 सितंबर 2023 को मिले थे. अपनी मुलाकात के दौरान, दोनों ने अपनी बेटियों के इंग्लैंड लौटने के लिए अपनी सहमति दोहराई. हालांकि, कथित तौर पर, जो ने बच्चों को सोफी के साथ भेजने से इनकार कर दिया और यहां तक क उनकी बेटियों के पासपोर्ट भी वापस नहीं किए, रिपोर्ट के मुताबिक, पिता के पास बच्चों के पासपोर्ट हैं. उसने मां को पासपोर्ट लौटाने से इंकार कर दिया और बच्चों को मां के साथ इंग्लैंड भेजने से भी इंकार कर दिया.

## तीन महीने का हुआ Dipika Kakar का बेटा रुहान, एक्ट्रेस ने बताया अब कैसी हरकत करता है उनका बेबी बॉय



न्यूली पैरेंट्स बने दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम ने 21 सितंबर को अपने बेटे रुहान का चेहरा रिवील किया. रुहान के तीन महीने का होने पर कपल ने अपने बेटे को सभी से मिलवाया. दीपिका और शोएब ने देर रात बेबी रुहान के चेहरे का रिवील करते हुए पोस्ट शेयर की.

**3 महीने का हुआ दीपिका कक्कड़ का बेटा रुहान**

उन्होंने कैप्शन में लिखा- हमारा रूहान आप सबके सामने है दुआओं में शामिल रखिएगा. शोएब ने शुरुआत में रुहान के जन्म के बाद से उसके सफर को दिखाने का प्लान बनाया था. अब रुहान तीन महीने का हो गया और उन्होंने उसका चेहरा दिखाकर इसका जश्न मनाया. शोएब ने बताया कि वे चाहते थे कि चेहरा अलग तरीके से दिखाया जाए, लेकिन इस मौके पर उनके लिए एक केक भेजा गया था और इसलिए जब वह 3 महीने का हो गया, तो उन्होंने उसका चेहरा दिखाने के बारे में सोचा.

इस खास मौके पर दीपिका ने ब्लैक कलर का सूट पहना हुआ था और उन्हें शोएब और रूहान के लिए मैचिंग काले स्वेटशर्ट मिले थे. पूरे परिवार ने केक काटकर जश्न मनाया. शोएब ने कहा, %हम हमेशा बड़ों की बात सुनने में विश्वास करते हैं और उनके मार्गदर्शन के अनुसार ही काम करते हैं. उन्होंने रुहान का चेहरा तीन महीने बाद ही दिखाने को कहा था, इसलिए हमें उसे कैमरों और सभी से दूर रखना पड़ा.

**एक्ट्रेस ने बताया अब कैसी हरकत करता है उनका बेबी बॉय**

आगे शोएब ने कहा- %लंबे समय से रुहान का चेहरा ना दिखाना मुश्किल था. हमने एक खूबसूरत तस्वीर क्लिक की है जिसे करना बहुत भारी काम था क्योंकि जब हम तस्वीरें क्लिक कर रहे होते हैं तो वह मुस्कुराता नहीं है. पूरे दिन वह मुस्कुराता रहेगा, लेकिन फोटो सेशन के दौरान नहीं. लेकिन अब हम फाइनली उसका चेहरा दिखाकर हल्का महसूस कर रहे हैं.बेटे रुहान के बारे में दीपिका ने बताया माशाल्लाह, वह बहुत चंचल बच्चा है, लेकिन फेस रिवील फोटो क्लिक करते वक्त उन्हें नींद आ गई. यह एक अलग तरह का एहसास है कि हम उसका चेहरा सभी को दिखा सकते हैं.

## पति से रिश्ता हुआ खराब, 9 साल बाद शादी टूटी... अब अपनी बेटी के साथ ऐसे हालात में है टीवी शो कुमकुम फेम जूही परमार



टीवी सीरियल कुमकुम से फैंस का बेशुमार प्यार पाने वाली एक्ट्रेस जूही परमार एक समय में इंडस्ट्री का चमकता हुआ सितारा थी. जूही की क्यूटनेस और सादगी लोगों को बेहद पसंद आती थी.

**पति से रिश्ता हुआ खराब, 9 साल बाद शादी टूटी**

इस एक्ट्रेस की लाइफ में शादी के बाद बेहद उतार-चढाव आए, जिसके बाद से जूही ग्लैमर की दुनिया से थोड़ा दूर ही रहने लगीं. एक्स हसबैंड सचिन श्रॉफ से तलाक लेने के बाद वह सीरियल्स में भी कम दिखती हैं. आज हम इस स्टोरी में बात जानेंगे एक्ट्रेस शादी टूटने के बाद अब अपनी बेटी के साथ कैसी लाइफ जीती हैं.

**जूही परमार को कुमकुम सीरियल से मिली खास पहचान**

जूही परमार टीवी की दुनिया में पिछले 25 सालों से काम कर रही हैं. फैंस उन्हें कुमकुम के किरदार में देखना काफी पसंद करते हैं. इस सीरियल से जूही को घर-घर में खास पहचान मिली थी. जूही परमार ने साल 1998 में अपने करियर की शुरुआत टीवी शो वो से की थी. फिर वह दो साल बाद चूड़ियां और ये जीवन है में नजर आईं. जूही ने फिर ब्रेक लिया और कुमकुम से टीवी में कमबैक किया. 2002 में आए इस शो ने जूही को टीवी की क्वीन बना दिया.

एक्ट्रेस की प्रोफेशनल लाइफ जब एकदम बढ़िया चल रही थी, तब उनकी और एक्टर सचिन श्रॉफ की जोड़ी टीवी में सबसे पॉपुलर हुआ करती थी. इस कपल ने डेटिंग के बाद साल 2009 में शादी कर ली थी. फिर 2013 में जूही ने एक बेटी का स्वागत किया. कुछ टाइम बाद जूही और सचिन की शादीशुदा जिंदगी में परेशानी आने लगी.

**अब ऐसे हालात में है कुमकुम फेम जूही परमार**

इसके बाद साल 2018 में जूही और सचिन का तलाक हो गया था और बेटी की कस्टडी जूही को मिल गई. अब जूही अकेले अपनी बेटी समायरा की परवरिश कर रही हैं. सोशल मीडिया पर वह अपनी बेटी के साथ फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं. इसके अलावा एक्ट्रेस लाइमलाइट से भी दूर ही रहती हैं. फिलहाल जूही पूरा टाइम अपनी बेटी के साथ बिता रही हैं.

## तो ये है खतरों के खिलाड़ी 13 फेम

# ऐश्वर्या शर्मा

## का पहला प्यार, एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर किया रिवील



ऐश्वर्या शर्मा टीवी इंडस्ट्री में हाल के समय की सबसे फेमस एक्ट्रेसेस में से एक हैं. फिलहाल वह रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो खतरों के खिलाड़ी 13 में अपने डर का सामना करती नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक दिल छू लेने वाला थ्रोबैक वीडियो शेयर किया, जिसने उनके फैंस को चौंका दिया.

**ये है खतरों के खिलाड़ी 13 फेम ऐश्वर्या शर्मा का पहला प्यार**

अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर एक्ट्रेस ने खुद के बारे में ऐसी चीज के बारे में बताया, जो कई लोगों ने पहले नहीं देखा होगा. उन्होंने डांस के प्रति अपने प्यार को शेयर किया और बताया कि उन्हें इसे करने में कितना मजा आया.

**ऐश्वर्या शर्मा की थ्रोबैक क्लिप**

अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में ऐश्वर्या शर्मा ने एक मनमोहक थ्रोबैक क्लिप अपलोड की, जिसके साथ एक कैप्शन भी था जिसने उनके फॉलोअर्स के दिल को छू लिया. उन्होंने लिखा, एक समय डांस मेरा पहला प्यार था और मुझे उम्मीद है कि मुझे वह प्रेरणा दोबारा मिलेगी. गणेश चतुर्थी 2020 से जुड़ा यह थ्रोबैक वीडियो ऐश्वर्या का फैंस को काफी पसंद आ रहा है.

**फैंस ने किया ऐसे रिएक्ट**

वीडियो में एक्ट्रेस की सादगी लोगों को पसंद आई. उनके वीडियो के कमेंट सेक्शन में कई लोगों ने कमेंट किया कि वह कितनी बेहतरीन



डांसर हैं. फैंस को उनका डांस बेहद पसंद आया. ऐश्वर्या ने बहुत सारे डांस वीडियो शेयर किए, ज्यादातर क्लिप्स उनके क्लासिकल डांस के हैं. एक यूजर ने लिखा, बहुत सुंदर. दूसरे ने कहा-आपके लिए मेरे मन में जो सम्मान है वह दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है.

## एक नजर...

### सीरवी क्षत्रिय समाज कोथरुड आईमाता मन्दिर में बाल संस्कार शिविर का हुआ आयोजन

पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा



पुणे। सीरवी क्षत्रिय समाज आईमाताजी मन्दिर कोथरुड में बाल संस्कार शिविर कार्यक्रम हर महिने के आखिर रविवार को दोपहर एक बजे आयोजित किया गया। शिविर के कार्यक्रम में मार्गदर्शन हेतु श्रीमति डॉ संगीता बर्फा कालेवाड़ी, पुणे के श्रीमुख से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आईमाताजी आरती व दीप प्रज्वलित से हुआ। उसके बाद बालक व बालिकाओं के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का कार्यक्रम की व्यवस्था युवा मंच ने संभाली। संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालक पूर्व सचिव डायाराम भायल व वर्तमान सचिव भुराराम बर्फा ने किया। उसमें उपस्थित समाज के अध्यक्ष लक्ष्मणराम परिहार, पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल भायल, उपाध्यक्ष चुन्नीलाल सोलंकी, कोषाध्यक्ष भंवरलाल परिहार, सह-सचिव मुलाराम सोलंकी, सह-कोषाध्यक्ष नारायणलाल गेहलोत एवं समस्त संचालक मडंल व समाज के युवा मंच संचालन मंडल, महिला मंडल सहिता सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर हरीओम गौशाला बासनी भदावता सोजत के सहसचिव वोराराम चोयल भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में सीरवी क्षत्रिय समाज कोथरूड वडेर से नियुक्त हुए बाल संस्कार शिविर के कार्य अध्यक्ष डगराराम गेहलोत ने आभार व्यक्त किया और समाज के लोगों को अगले महिने ज्यादा से ज्यादा संख्या अपने बच्चों को शिविर में लाने की अपिल की। उन्होंने कहा की बाल संस्कार शिविर सभी संस्थाओं में आयोजित करना चाहिए ताकि हमारे समाज के बच्चे अधिक संस्कारी बने तथा हमारे आईपंथ के धर्मप्रचार बढ़े। आज के कार्यक्रम में सभी के लिए अल्पहार के लाभार्थी बाबूलाल, पुनाराम/पकाराम गेहलोत (जिवंद कला) परिवार रहे।

### नगर पालिका परिसर में हुआ सफाई मित्रों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दैनिक पुष्पांजली टुडे



गोहद/नगर पालिका परिषद गोहद के सफाई मित्रों के लिए दिनांक 24/9/23 को नगरीय विकास एवं आवास विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में नगर पालिका के सभी सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच खंड चिकित्सालय गोहद के डॉक्टर अतुल शर्मा ष्ट॥ह्र गोहद, राम नरेश जी एमपीडब्ल्यू एवं खंड छ्य चिकित्सालय से अरुण भदोरिया क्षय सुपरवाइजर, सीएससी गोहद, राजेंद्र अरेले जी लैब इंचार्ज, नेतराम जी क्षय विभाग गोहद की उपस्थिति में कराया गया जिसमें बीपी, शुगर, आंख व टीवी (क्षय रोग) आदि की जांच कैंप के माध्यम से की गई । नगर पालिका का प्रतिनिधित्व कर रहे आशीष शर्मा जी की उपस्थिति में सभी सफाई कर्मचारियों को किट (इनर,लोअर व जैकेट जूते) का वितरण किया गया। जिसमें सभी स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित सेवा देने एवं का दैनिक प्रयोग करने हेतु आदेशित किया गया। तत्पश्चात फीडबैक फाऊंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के भरत कांत द्विवेदी (प्रोजेक्ट मैनेजर) सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट गोहद के द्वारा सभी सफाई कर्मचारियों, नगर पालिका स्टाफ, कूड़ा संग्रहण टिपर वाहनों के हेल्पर एवं ड्राइवरों व एमआरएफ वर्करों की उपस्थिति में इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत सफाई मित्रों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें शहर की स्वच्छता गतिविधियों, कूड़े के प्रबंधन की तकनीक एवं सफाई मित्रों के दायित्व व शहर को स्वच्छ, सुंदर व स्वस्थ शहर बनाने में सहयोग हेतु सभी को प्रशिक्षित किया गया।

### अरिहंत परमात्मा के दर्शन से होता है कर्मो का नाश: मुनि राजपदम सागर

पुष्पाजंली टुडे



बेंगलूरू। मुनि श्री राज पदम सागर जी महाराज साहब एवं श्रवण पदम श्रमण पदमसागर जी महाराज साहब की शुभ निश्रा मे सामूहिक कर्तव्य पालन के रूप में चेत्य परिपाटी की पूजा यात्रा हुई । एलेन पुरम श्रीरामपुरम श्री शांतिनाथ जैन मंदिर से चैत्य वंदन के तत्पश्चात श्री मुनीसुव्रत स्वामी जैन मंदिर राजा नेस्ट व उसके पश्चात ओकलीपुरम में श्री चंद्रप्रभ स्वामी जैन मंदिर में सेवा दर्शन पूजा एवं भक्ति की गई ।गुरु मंदिर रामचंद्रपुरम में चैत्य परिपाटी सुसंपन्न हुई।बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओ ने चेत्य परिपाटी में भाग लिया। लाभार्थी परिवार संघवी विनोद कुमार शंकर लाल बालङ का संघ द्वारा अभिनंदन किया गया। चैत्य परिपाटी की व्यवस्था में जैन शांति नवकार मंडल ने व्यवस्था में पूर्ण सहयोग प्रदान किया । संघ सचिव नरेंद्र आच्छा ने बताया कि कल हीरसुरिश्वर जी महाराज साहब का स्वर्गरोहण एवं आचार्य प्रवर पदम सागर सुरिश्वर जी महाराज साहब का जन्मोत्सव समणी सेंटर में मनाया जाएगा ।

# उपनगर ग्वालियर में विकास के नए नए आयाम जुड़ रहे हैं: ऊर्जा मंत्री

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शहर के वार्ड-32 की विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर एक करोड 85 लाख रूपये के विकास कार्यो की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उपनगर ग्वालियर में विकास के नए-नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। विकास का यह सिलसिला थमने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उपनगर ग्वालियर की किसी भी बस्ती की कोई भी रोड कच्ची नहीं रहने दी जायेगी। सड़कें बनाने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने वार्ड 32 में 5 लाख 11 हजार रूपये की लागत से लक्ष्मीबाई कॉलोनी तेजसिंह कॉम्पलैक्स एवं मरीमाता महलगांव हरिजन बस्ती में सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य, 21 लाख 13 हजार रूपये की लागत से एम एल बी कॉलोनी में आर.सी.सी.नाला निर्माण कार्य, 7 लाख 18 हजार रूपये की लागत से गंगादास की शाला शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 6 लाख 87 हजार रूपये की लागत से होटल मिडवे से होटल क्लार्कइन तक नाली निर्माण कार्य, 4 लाख 5 हजार रूपये की लागत से मरीमाता महलगांव में सार्वजनिक स्थान पर पेपर ब्लॉक इंटरलॉकिंग कार्य, 7 लाख 55 हजार रूपये की लागत से मरीमाता बस्ती



में सी.सी एवं नाली निर्माण कार्य, 8 लाख 37 हजार रूपये की लागत से मरीमाता महलगांव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इसके अलावा उन्होंने एक लाख 45 हजार रूपये की लागत से बजरंगबली मंदिर पर मरीमाता पर चैपाल का निर्माण कार्य, 9 लाख 12 हजार रूपये की लागत से न्यू खे?ापति कॉलोनी की विभिन्न गलियों में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य, 12 लाख 65 हजार रूपये की लागत से न्यू चन्द्रनगर खे?ापति मंदिर के पास प्रेमनगर में नाला निर्माण एवं पटाव कार्य, 2 लाख 25 हजार रूपये की लागत से द्वारिकापुरी डी 38 बिजली पोल हटवाने का कार्य, 9 लाख 84 हजार रूपये की लागत से श्रुति इन्कलेव की विभिन्न गलियों में इंटरलॉकिंग कार्य, 4 लाख 5 हजार रूपये की लागत से गाँधीनगर अग्रवाल हॉस्पीटल के सामनें सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य, 2 लाख 83 हजार रूपये की लागत से गाँधीनगर पार्क के अंदर टीनशेड निर्माण कार्य एवं 81 लाख 34 हजार रूपये की लागत से रेल्वे क्रॉसिंग गांधीनगर से कांतिनगर लोको तक डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर मनमोहन पाठक, सोनू त्रिपाठी, राजेन्द्र जैन, हरीबाबू शिवहरे, रामजीलाल साहू, रामशरन शर्मा, योगेन्द्र तिवारी व मनोज भाटिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## लाड़ली बहनों को हर माह 1250 रूपये और 450 रूपए में सिलेण्डर: तोमर

ग्वालियर। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत अब लाडली बहनों को 1250 रूपये प्रतिमाह मिलेगें। साथ ही लाडली बहनों को 450 रूपयें में गैस सिलेंडर भी सरकार देगी। प्रदेश सरकार ने कच्चे घरों में रह रहीं बहनों के पक्के घर बनवाने के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना शुरू की है। यह बात ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने लाड़ली बहनों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाडली बहनों की विशेष चिंता करते हैं। इसीलिए बहनों के हित में वे कई योजनायें लेकर आये हैं। ऊर्जा मंत्री तोमर ने



रविवार को लक्ष्मीबाई कॉलोनी के सामुदायिक भवन में आयोजित हुए लाडली बहना सम्मान समारोह में लगभग 1300 बहनों का सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संसद व विधानसभा में 33 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। इस आशय का विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है। तोमर ने कहा कि उपनगर ग्वालियर के 60 हजार परिवारों को सम्मान के साथ राशन की पात्रता पर्ची दी है। इस अवसर पर मनमोहन पाठक, आकाश श्रीवास्तव, सोनू त्रिपाठी सहित राजेन्द्र जैन, हरीबाबू शिवहरे, भगत सिंह कन्नौजिया, रामजीलाल साहू, रामशरन शर्मा, योगेन्द्र तिवारी व मनोज भाटिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व बडी संख्या में लाडली बहनें उपस्थित रहीं।

### भीड़ जुटा रही जनआक्रोश यात्रा

ग्वालियर। ग्वालियर चंबल संभाग के साथ पूरे मध्यप्रदेश में निकल रही कांग्रेस की जनआक्रोश यात्रायें भी भीड़ जुटाने में कामयाब हो रही हैं। बिना सरकारी तामझाम के कांग्रेस की जनआक्रोश यात्रा में आ रही भीड़ में कांग्रेसी दिग्गज उत्साहित हैं। इन यात्राओं में विशेष बात यह है कि 20 वर्ष से घर बैठे कांग्रेसी भी जोशो खरोश में हैं। ग्वालियर चंबल संभाग में नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह के नेतृत्व में निकल रही यात्रा भी पूरी तरह कांग्रेसियों के उत्साह से लवरेज हैं। कांग्रेस की जन आक्रोश यात्राओं की खास बात यह है कि कांग्रेसी बिना पुलिस व प्रशासन के सहयोग के यात्राओं व भीड़ का मैनेजमेंट सम्हाल रहे हैं और पूरी तरह व्यवस्थित होकर रैली व सभायें कर रहे हैं। कल भिंड जिले में निकली जनआक्रोश यात्रा ने भीड़ के अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं, जो भाजपाई नेता प्रतिपक्ष व लहार के अजेय डा. गोविंद सिंह को घेरने की बात कर रहे थे उनके भी मुंह लहार में आई अथाह भीड़ को देखकर सूख गये हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस की जनआक्रोश यात्राओं का मध्यप्रदेश के हर संभाग में यही हाल है। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी केके मिश्रा व ग्वालियर चंबल संभाग के मीडिया प्रभारी प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा बताते है कि हमारी यात्राओं में उमड़ी भीड़ व कार्यकर्ताओं अनुशासित एकजुटता से स्पष्ट है कि लोग अब भाजपा के शासन से परेशान होकर प्रदेश में बदलाव चाहते हैं। मिश्रा व शर्मा ने दावा किया कि ग्वालियर चंबल संभाग में हम 34 में से 27-28 सीटें जीतने की स्थिति में है। प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा ने यह भी स्वीकार किया कि कई भाजपा के दिग्गज नेता पार्टी के प्रमुख नेताओं के संपर्क में हैं।

## प्रद्युम्न के खिलाफ 7 तोमर टिकट मांग रहे, सुनील अपने ध्येय में मगन

ग्वालियर। उपनगर ग्वालियर विधानसभा सीट पर भाजपा विधायक व मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पिछला चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस में भी 7 तोमर दावेदार टिकट के लिये जोर मार रहे हैं। इन दावेदार ने पिछले 6 माह से अपनी सक्रियता क्षेत्र में बड़ा दी है और येनकेन प्रकारेण कांग्रेस का विधायकी टिकट चाहते है। इन सबके बीच कई वर्षो से संघर्ष कर जननायक बन चुके सुनील शर्मा चुपचाप संपर्क जारी रखे हैं। कांग्रेस आलाकमान की उन्हें हालांकि हरी झंडी पूर्व से है, लेकिन जब तक टिकट घोषित नहीं हो जाता तो सबकी सांस अटकी पड़ी है। उपनगर ग्वालियर में पहले कांग्रेस अब भाजपा के मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की हर दिन नाक में दम करने वाले कांग्रेस नेता सुनील शर्मा सड़कों पर संघर्ष में सबसे आगे रहे हैं। उन्होंने अपनी छवि उपनगर ग्वालियर में एक जननायक के रूप में स्थापित कर ली हैं। मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और कांग्रेस नेता सुनील शर्मा दोनों पास-पास ही रहते है, लेकिन दोनों की राजनैतिक प्रतिद्वंदिता शुरू से है। दोनों को भीड़ मैनेजमेंट में पीएचडी है और मिनटों में हजारों समर्थक भी जुटा सकते है। पिछली बार विधानसभा में कांग्रेस से सुनील शर्मा का टिकट पक्का



भी था, लेकिन ऐनवक्त पर श्रीमंत ने प्रद्युम्न सिंह तोमर का नाम ओके कर सुनील शर्मा को आश्वस्त किया था कि अगला चुनाव उन्हें लड़ायेंगे। लेकिन समय बदला, श्रीमंत ने दल बदला, मंत्री प्रघुम्न तोमर भी उनके साथ भाजपा में आ गये तो उपचुनाव सुनील शर्मा ने कांग्रेस से लड़ा भी लेकिन वह हार गये थे। अब सुनील ने हार से सबक लेकर चैगुनी मेहनत कर ग्वालियर विधानसभा में सभी का दिल जीता है और अपनी दावेदारी में सबसे आगे भी है। लेकिन उपनगर ग्वालियर में कांग्रेस की बनी बनाई फील्ड में अब कांग्रेस की ओर से 7 तोमर नेता टिकट के लिये दावा ठोंक रहे हैं, जिससे स्वयं सुनील शर्मा भी अचंभित है। यह नेता है सौरभ तोमर, योगेन्द्र तोमर, अशोक तोमर, वीरेन्द्र तोमर, भानु तोमर, मंजूलता राजेन्द्र सिंह तोमर व अनिरूद्ध तोमर। यह सभी तोमर नेता अपनी राजनैतिक फील्ड रखते हैं और चुनाव लड़ने के लिये जमावट में भी लगे हैं। इनके अलावा मितेन्द्र दर्शन सिंह, राजेन्द्र सिंह नाती, महाराज सिंह पटेल व डा. रामबाबू गोयल भी अलग-अलग पैरवी में लगे हैं। यह भी कांग्रेस का टिकट चाहते हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस का प्रदेश आलाकमान भी कांग्रेस के टिकटार्थियों की भीड़ के चलते हैरान हैं, जो भीड़ पहले भाजपा में लगा करती थी अबकी बार कांग्रेस में भी लग रही हैं। इसी कारण कांग्रेस आलाकमान सक्रिय, निष्ठावान कांग्रेसियों को मैदान में उतारने की फिराक में हैं।

## करणी सेना की रैली में ढाई सौ गाड़ियों के काफिले ने लगवाया कई जगह जाम करणी सेना अध्यक्ष बोले हिंदुत्व की लड़ाई में सबसे पहले रहते हैं करणी सैनिक अम्मू

*ग्वालियर। करणी सैनिकों के द्वारा प्रदेश कार्य समिति बैठक एवं सम्मान सम्मान समारोह ग्वालियर की पावन धरा सिटी सेंटर स्थित बाल भवन में भव्य पूर्ण एवं गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूरजपाल अम्मू उपस्थित रहे। अतिथियों के रूप में राष्टीय एवं प्रदेश की पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे मंच का संचालन करणी सेना के राष्टीय मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह पवैया के द्वारा किया गया। प्रदेश कार्य समिति बैठक में पदाधिकारी के साथ प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी ने भी शिरकत की करणी सैनिकों को संबोधित करते हुए आप सभी करणी सैनिकों का प्रदेश कार्य समिति बैठक एवं सम्मान समारोह में स्वागत वंदन अभिनंदन है उनके द्वारा श्री अम्मू के द्वारा बोलते हुए हिंदुत्व के खिलाफ बात करने वालों को ललकार एवं कहा कि जो भी हिंदुत्व के खिलाफ बातें करेगा करनी सेना उसको करारा जवाब देगी कार्य समिति बैठक के बाद भव्य पूर्ण एवं गरिमामय तरीके से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस सम्मान समारोह में 111 से अधिक पत्रकार बंधु एवं समाजसेवी एवं श्रेष्ठ विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया।*

*मंच से बोलते हुए सूरजपाल अम्मू ने हिंदुत्व के खिलाफ बोलने वाले को चेताया कि करणी सेना अगर सम्मान भी करना जानती है तो जो हिंदुओं के या हिंदुत्व के खिलाफ बोलेगा उनको सबक सिखाना भी जानती है उनके द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी को करणी सेवा में कैसे और किस तरीके से कार्य करना है यह भी बतलाया कार्यक्रम समापन के बाद करणी सेना के पदाधिकारी की विशेष बैठक लेकर आगे के कार्य को मार्गदर्शन किया कार्यक्रम में पधारे हुए पत्रकार बंधु एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का आभार शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं संभागीय अध्यक्ष करणी सेना के सरनाम सिंह तोमर के द्वारा किया गया उपस्थित रहे उपेंद्र सिंह परमार जिला अध्यक्ष ग्वालियर प्रदेश अध्यक्ष पवन भदोरिया मध्य प्रदेश युवा प्रदेश अध्यक्ष संतोष भदौरिया किसान शक्ति राष्टीय संगठन मंत्री स्वतंत्र पाल सिंह प्रदेश अध्यक्ष व्यापार शक्ति राजीव बादवाज खेल प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मुरारी सिंह राजपूत मध्य प्रदेश युवा शक्ति प्रभारी सोनू तोमर आने को करणी सैनिक उपस्थित रहे।*



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478